शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 50 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 16 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## ईडी ने निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत याचिका का किया विरोध

**नई दिल्ली**

ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार झारखंड की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा है कि सिंघल ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हिरासत के दौरान जेल के बाहर ही अधिकतर समय गुजारा है। ईडी की इस दलील पर सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में स्टेटस रिपोर्ट तलब किया। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अगर हम देखेंगे कि आरोपित ने हिरासत के दौरान 50 फीसदी से ज्यादा समय जेल के बाहर अस्पताल में गुजारा है तो हम जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं करेंगे। पहले की सुनवाई में पूजा सिंघल की ओर से वकील सिद्धार्थ लूथरा से पूछा था कि अब तक कितने गवाहों की गवाही हो चुकी है। जिस पर कोर्ट को बताया गया था कि इस मामले में कुल 43 गवाह हैं जिसमें से चार की गवाही हो जाने की बात कही गई थी। कोर्ट ने पूजा सिंघल को 3 जनवरी 2023 को बेटी की बीमारी की वजह से एक महीने की अंतरिम जमानत दी थी। 4 फरवरी 2023 को वो फिर जेल चली गईं। बाद में कोर्ट ने 10 फरवरी 2023 को पूजा सिंघल को दो महीने की अंतरिम जमानत दी थी। सिंघल झारखंड की खान विभाग की सचिव थीं। पूजा सिंघल 11 मई 2022 से उनसे जुड़ी संपत्तियों पर छापेमारी के बाद से हिरासत में हैं। ईडी ने कथित अवैध खनन से जुड़े 36 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की है। इस मामले में ट्रायल कोर्ट ने पूजा सिंघल समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ आरोप तय कर दिया है।

## रेलवे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की पटरी पर, माल ढुलाई से लेकर ट्रैक बिछाने का रिकार्ड

**नई दिल्ली**

भारतीय रेल वित्तीय वर्ष 2023-24 में माल ढुलाई व्यवसाय, कुल राजस्व, ट्रैक बिछाने के मामले में अपने इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करने की राह पर है। रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, भारतीय रेल ने आज 15 मार्च को 1500 मिलियन टन की मूल माल ढुलाई को पार कर लिया है।

# बेहतरीन होगा तमिलनाडु में भाजपा का प्रदर्शनः मोदी

## इस बार डीएमके और कांग्रेस के इंडिया गठबंधन का सारा घमंड तोड़ देगाः पीएम

**हैदराबाद**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु के कन्याकुमारी में जनसभा की। पीएम ने कहा- आज कन्याकुमारी से देश के इस दक्षिणी छोर से जो लहर उठी है ये लहर बहुत दूर तक जाने वाली है। मैं 1991 में एकता यात्रा लेकर कन्याकुमारी से कश्मीर गया था, इस बार मैं कश्मीर से कन्याकुमारी आया हूं। उन्होंने कहा- जम्मू-कश्मीर के लोगों ने देश को तोड़ने का सपना देखने वालों को नकार दिया है। अब तमिलनाडु के लोग भी ऐसा ही करने जा रहे हैं। मैं तमिलनाडु की धरती पर बहुत बड़े परिवर्तन की आहट देख रहा हूं। तमिलनाडु में भाजपा का प्रदर्शन इस बार डीएमके और कांग्रेस के इंडिया गठबंधन का सारा घमंड तोड़ कर रख देगा। पीएम की 17 दिनों में तमिलनाडु की यह दूसरी यात्रा है। इससे पहले 28 फरवरी को उन्होंने थूथुकुडी में 17 हजार 300 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स की नींव रखी। इनमें देश का पहला हाइड्रोजन हब पोर्ट और इनलैंड वाटर वे वेसल और कुलाशेखरपट्टीनम में इसरो का नया लॉन्च कॉम्प्लेक्स भी शामिल है। हालांकि, तमिलनाडु के कोयंबटूर में पीएम मोदी के रोड शो को इजाजत नहीं दी गई। पएम यहां 18 मार्च को 3.5 किलोमीटर का रोड शो करने वाले थे। इसके लिए भाजपा ने परमिशन मांगी थी, लेकिन पुलिस ने इजाजत देने से इनकार कर दिया।



### अटल जी ने नॉर्थ साउथ कॉरिडोर की नींव रखी थीः पीएम

**पीएम मोदी** ने कहा- कन्याकुमारी ने हमेशा भाजपा को भरपूर प्यार दिया है। 20 साल पहले अटल जी ने नॉर्थ साउथ कॉरिडोर की नींव रखी थी। इस कोरीडोर के कन्याकुमारी-नारिक्कुलम ब्रिज का काम इन लोगों ने इतने वर्षों तक लटका कर रखा। 2014 में जब हमारी सरकार आई तब हमने उसे पूरा किया। हमें इसके लिए अतिरिक्त फंड देना पड़ा तब ये काम शुरू हो पाया। मैंने हाल ही में थूथुकुडी में चिदंबरनार बंदरगाह



का उद्घाटन किया है। हमारी सरकार मछुआरों के कल्याण के लिए भी काम कर रही है। उन्हें आधुनिक मछली पकड़ने वाली नौकाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने से लेकर किसान क्रेडिट कार्ड योजना के दायरे में लाने तक, हमने उनकी जरूरतों का ख्याल रखा है। मोदी ने कहा- डीएमके तमिलनाडु के भविष्य और अतीत की ही नहीं, उसकी विरासत की भी दुश्मन है। मैं अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले यहां आया था, मैंने यहां के प्राचीन तीर्थों के दर्शन किए थे।

**इंडी अलायंस के लोगों का इतिहास घोटालों का है**

पीएम ने कहा-इंडी अलायंस कभी भी तमिलनाडु को विकसित नहीं बना सकता। इन लोगों का इतिहास घोटालों का है। इन लोगों की राजनीति का आधार लोगों को लूटने के लिए सत्ता में आना है। एक तरफ भाजपा की कल्याणकारी योजनाएं होती हैं, तो दूसरी ओर इनके करोड़ों के घोटाले होते हैं।

हमने ऑप्टिकल फाइबर, 5जी, डिजिटल इंडिया स्कीम दी। इंडी अलायंस के नाम पर लाखों करोड़ रुपए का 2जी का स्कैम है, और डीएमके उस लूट की सबसे बड़ी हिस्सेदार थी।

हमारे नाम पर उड़ान स्कीम है, इंडी अलायंस के नाम हेलीकॉप्टर स्कैम है। हमारी खेलो इंडिया और स्कीम्स से देश ने खेलों में ऊंचा मुकाम हासिल किया, लेकिन उनके नाम पर सीडब्ल्यू स्कैम का दाग है।

## मछुआरों को फांसी के फंदे से उतारकर भारत लाया: पीएम



**पीएम मोदी** ने कहा- डीएमके तमिलनाडु के भविष्य और अतीत की ही नहीं, उसकी विरासत की भी दुश्मन है। मैं अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले यहां आया था, मैंने यहां के प्राचीन तीर्थों के दर्शन किए थे।

लेकिन उद्टङ ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखने तक पर रोक लगाने का प्रयास किया था। सुप्रीम कोर्ट को तमिलनाडु सरकार को कड़ी फटकार लगानी पड़ी थी। जब दिल्ली में संसद की नई इमारत बनी तो तमिल संस्कृति के प्रतीक, इस धरती के आशीर्वाद स्वरुप पवित्र सेंगोल को हमने नए भवन में स्थापित किया, लेकिन इन लोगों ने इसका भी बॉयकॉट किया। डीएमके-कांग्रेस तब भी चुप बैठी रही, जब जल्लीकट्टू पर पाबंदी लगी थी। ये लोग तमिल संस्कृति को नष्ट करना चाहते हैं। एनडीए की सरकार ने जल्लीकट्टू को मनाए जाने का रास्ता साफ किया।

**मछुआरों को फांसी के फंदे से उतारकर भारत लाया**

मोदी ने कहा- इंडिया गठबंधन को लोग तमिलनाडु के लोगों के जीवन से खिलवाड़ के भी गुनहगार हैं। श्रीलंका में हमारे मछुआरे भाइयों को फांसी की सजा दी गई थी, ये मोदी चुप नहीं बैठा। हर रास्ते का इस्तेमाल किया और हर प्रकार का दबाव बनाया और मैं सभी मछुआरों को श्रीलंका से फांसी के फंदे से उतारकर वापस लाया। दिल्ली में बैठे लोगों की नींद खराब हो रही है कि कन्याकुमारी से ये आवाज उठ रही है। ये आपका प्यार और आशीर्वाद सिर्फ मेरी ही नहीं पूरे देश की उर्जा को नई ताकत दे रहे हैं।

## के कविता को ईडी ने गिरफ्तार किया, दिल्ली में होगी पूछताछ

**नई दिल्ली**

**तेलंगाना** के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर की बेटी के कविता को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक ईडी की कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई है। शुक्रवार को हैदराबाद में बीआरएस नेता के कविता के परिसरों पर तलाशी लेने के बाद कविता को पहले हिरासत में लिया गया। बाद में कविता को गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी के सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी कविता से दिल्ली में पूछताछ करेंगे।

**पूर्व सीएम की बेटी पर कार्रवाई के बारे में वकील का बयान**



कविता की गिरफ्तारी के बाद वकील भारत कुमार ने बताया कि ईडी की कार्रवाई के संबंध में उनके पास विस्तृत जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि संपर्क करने के बावजूद प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों की तरफ से उन्हें कार्रवाई और तलाशी के बारे में जानकारी नहीं दी गई। इससे पहले आई मीडिया रिपोर्ट्स में ईडी ने दावा किया था कि कविता शराब व्यापारियों की 'साउथ ग्रुप' नामक से जुड़ी हुई थी।

## हो गया बिहार की नीतीश कुमार सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार

**पटना**

**लोकसभा** चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के अंदर सीट बंटवारे को लेकर उठापटक खत्म होने से पहले निर्वाचन आयोग की ओर से अधिसूचना की तारीख आ गई। इसे देखते हुए शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राज्य की एनडीए सरकार ने मंत्रिमंडल का आकार बढ़ा लिया। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के 12 और जनता दल यूनाईटेड के नौ मंत्रियों ने शपथ ली। इसके साथ ही मुख्यमंत्री समेत बिहार में मंत्रियों की संख्या 30 हो गई।

**जय श्रीराम का जयघोष, सरकार में अब तीन महिला मंत्री**



जय श्री राम के जयघोष के बीच राजभवन में शपथ ग्रहण हुआ। इसी साल 28 जनवरी को नाटकीय घटनाक्रम के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2020 के जनादेश की ओर वापसी करते हुए एनडीए सरकार के मुखिया के तौर पर शपथ ली थी। उनके साथ भाजपा के दो उप मुख्यमंत्री और एक मंत्री बने थे। उनके साथ जदयू के तीन मंत्री बने थे। इनके अलावा जीतन राम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तानी आवामी मोर्चा के एक और एक निर्दलीय विधायक ने मंत्रीपद की शपथ ली थी। शुक्रवार शाम मंत्रीपद की शपथ लेने वालों में सबसे आगे पूर्व उप मुख्यमंत्री रेणु देवी रहीं। मंत्री बने नीरज कुमार बबलू ने शपथ लेने के बाद जय श्रीराम का जयघोष किया। भाजपा की रेणु देवी और जदयू की लेशी सिंह औ शीला मंडल को मिलाकर इस मंत्रिमंडल में महिलाओं की संख्या तीन हो गई। सरकार गठन के समय किसी भी महिला ने मंत्रीपद की शपथ नहीं ली थी।

## कर्नाटक के पूर्व सीएम येदियुरप्पा पर पॉक्सो का केस



### आरोप- रेप केस में मदद मांगने गई नाबालिग को कमरे में खींचा; येदि बोले- सब झूठ

**बेंगलुरु**

**कर्नाटक** के पूर्व मुख्यमंत्री और सीनियर बीजेपी नेता बीएस येदियुरप्पा पर पॉक्सो एक्ट के तहत एफआआर दर्ज हुई है। पूर्व सीएम के खिलाफ एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप में एफआआर दर्ज की गई है। मामला 2 फरवरी को बेंगलुरु का है। लोकल पुलिस स्टेशन में एफआआर की गई है। 17 साल की पीड़ित की शिकायत के आधार पर बेंगलुरु के सदाशिवनगर पुलिस स्टेशन में बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो और 354 (अ) के तहत मामला दर्ज किया गया था। इधर, येदियुरप्पा ने कहा, 'मुझ पर लगे सभी आरोप झूठे हैं, लेकिन मैं अभी ये नहीं कह सकता इसके पीछे कोई राजनीतिक मकसद है।'

**आरोप- मदद मांगने गई थी, येदि ने जबरदस्ती की**

एफआईआर के मुताबिक पीड़ित लड़की 2 फरवरी उसके साथ हुए यौन उत्पीड़न के एक मामले में येदियुरप्पा से मदद मांगने बेंगलुरु में उनके डॉलर्स कॉलोनी स्थित घर गई थी। तभी उन्होंने उसका यौन उत्पीड़न किया। जब पीड़िता कमरे से बाहर भागी तो उसने अपनी मां से कथित छेड़छाड़ के बारे में बताया। पीड़ित की मां की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई। हालांकि, मामला सामने आने के बाद येदियुरप्पा के ऑफिस ने कुछ दस्तावेज जारी किए हैं। इनमें बताया गया है कि एफआईआर करने वाली महिला अब तक अलग-अलग लोगों पर 53 केस कर चुकी है।

## राष्ट्रपति 30 मार्च को पांचों विभूतियों को भारत रत्न से करेंगी सम्मानित

**नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 30 मार्च को विभिन्न क्षेत्रों में देश के लिए अप्रतिम योगदान करने वाले पांच विभूतियों को भारत रत्न प्रदान करेंगी। केंद्र सरकार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपुर्री ठाकुर, पूर्व प्रधानमंत्री व किसान नेता चौधरी चरण सिंह और कृषि क्रांति के प्रणेता एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित करने का



निर्णय लिया था।

**11 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम**

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, भारत रत्न देने का सम्मान समारोह 30 मार्च को 11 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया जाएगा। समारोह में भारत रत्न से जुड़े मेडल और प्रशस्ति पत्र इससे सम्मानित विभूतियों के परिवार जनों को सौंपा जाएगा। लालकृष्ण आडवाणी को छोड़कर अन्य चार विभूतियों को मरणोपरांत सम्मानित किया गया है, जाहिर है ये सम्मान उनके परिवार जन ही स्वीकार करेंगे। पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के स्वास्थ्य को देखते हुए राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उनकी उपस्थिति की संभावना कम है। ऐसे में आडवाणी के लिए सम्मान भी उनके परिवार की ओर से लिए जाने की संभावना है।

## केंद्र ने फिल्म प्रमाणन प्रक्रिया में किया सुधार

**नई दिल्ली**

**सरकार** ने फिल्म प्रमाणन प्रक्रिया में सुधार लाने के लिए शुक्रवार, 15 मार्च को एक बड़ा फैसला लिया है। फिल्म प्रमाणन प्रक्रिया में व्यापक सुधार के लिए केंद्र ने सिनेमैटोग्राफ नियम, 2024 को अधिसूचित किया है। आज शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर सरकार ने इसकी जानकारी दी है। जारी किए गए बयान में कहा गया कि ये नियम फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहतर पारदर्शिता और बिजनेस करने में आसानी के लिए ऑनलाइन प्रमाणन प्रक्रियाओं को अपनाने में मदद करेंगे।

**इन नियमों से डिजिटल प्रक्रियाओं को अपनाने में मिलेगी मदद**

सिनेमैटोग्राफ नियम पारदर्शिता बढ़ाने और सभी विवेकाधिकारों को खत्म करने के लिए फिल्मों की प्राथमिकता स्क्रीनिंग के लिए एक नियम भी स्थापित करेगा।

## संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं ने सुनाई दर्द-ए दास्तां, इंसाफ की लगाई गुहार

**नई दिल्ली**

**संदेशखाली** की पीड़ित महिलाओं ने राजधानी दिल्ली पहुंच कर हैवानियत की जो दास्तां सुनाई उसे सुनकर हर संवेदनशील व्यक्ति के रौंगटे खड़े हो जाएंगे। शरीर और दिल पर अपनी ही राज्य सरकार के दिए हुए दर्द से भीगी पलकें लिए अपने दर्द को सुनाती सुनीता (बदला हुआ नाम) बताती हैं कि आधी रात को कुछ लोग घर पर आते थे, उन्हें जबरन उठाकर ले जाते थे, रातभर मारते पीटते और दुष्कर्म करते, आवाज उठाने पर पति और बच्चों को मार देने की धमकी देते। रुंधे हुए गले से हिम्मत जुटाकर फिर सुनीता अपने साथ हुई हैवानियत की कहानी बयां करती और यह भी बताती हैं कि कैसे राज्य सरकारें उनकी आवाज को सुन कर भी अनसुना कर देती और पुलिस भी उन्हें फिर से शेख



शाहजहां के गैंग के लोगों के पास ही भेज देते थे। यह कहानी संदेशखाली की रहने वाली सुनीता की ही नहीं बल्कि वहां रहने वाली करीब 700 से अधिक महिलाओं की है।

शुक्रवार को राजधानी दिल्ली पहुंची संदेशखाली की पांच पीड़ित महिलाओं ने अपने साथ हुए अत्याचार को बयां करने और इंसाफ की गुहार लगाने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इसके बाद कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में संदेशखाली में दलित महिलाओं के हालत से पत्रकारों को रूबरू करवाया गया। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि उनके छोटे बच्चों और परिवार वालों को लगातार हत्या की धमकी मिल रही है और राज्य सरकार उनकी कोई मदद करने के बजाय अपराधियों को ही बचाने में लगी है। इसका सबसे बड़ा सबूत यह है कि उन्होंने एससी-एसटी को उत्पीड़न से बचाने के लिए आवश्यक प्रिवेंशन ऑफ एट्रोसिटीज एंड प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स एक्ट की धारायें भी आरोपितों पर नहीं लगायी हैं।

पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखाली में रहने वाली आदिवासी और दलित समाज की महिलाओं का आरोप है कि बीते कई वर्षों से टीएमसी का नेता शाहजहां शेख और उसके साथी दलित आदिवासी महिलाओं का सामाजिक,आर्थिक और शारीरिक शोषण करते रहे हैं। अगर कोई महिला उनका विरोध करती है तो उसके परिवार के लोगों के साथ मारपीट की जाती है और उनके बच्चों की हत्या की धमकी दी जाती है। पीड़ित महिलाओं का कहना था कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, अनुसूचित जाति आयोग और महिला आयोग की टीम ने भी संदेशखाली का दौरा कर उन्हें इंसाफ दिलाने का वादा किया मगर राज्य सरकार के आश्रय के कारण शेख शाहजहां के गुर्गे आज भी खुले में घूम रहे हैं। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि शाहजहां शेख को भले ही सीबीआई ने हिरासत में ले लिया हो मगर उसके दो भाई सिराज शेख और आलमगीर लगातार पीड़िताओं को धमकी दे रहे हैं कि मीडिया और न्यायपालिका में विषय ठंडा पड़ने के बाद उन्हें कौन सहारा देगा।

# मनरेगा योजना का गांवों में सभी कार्य होगें बंद : प्रधान संघ करछना

## लम्बित भुगतान से नाराज प्रधानों ने अधिकारियों को चेताया ब्लाक कार्यालय में करेंगे ताला बंदी

अखंड भारत संदेश

**करछना।** सरकार द्वारा विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना अंतर्गत सात महीने से कराएं गये विकास कार्यों का लम्बित भुगतान न होने की दशा में शुक्रवार को समस्त प्रधान एक जुट होकर ज्ञापन देकर अधिकारियों को चेतावनी देते हुए बताया कि जब तक लम्बित भुगतान नहीं किया जाता तब तक योजना अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों को पूरी तरह बंद रहेंगे।

विकासखंड के ग्राम पंचायत में लंबे समय से लंबित मनरेगा योजना के भुगतान से नाराज प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर चेतावनी दे दिया कि 2022-23 2024 तक के कराए गए कार्यों का विकासखंड करछना के लगभग एक करोड़ से ज्यादा का भुगतान ग्राम पंचायतों का लंबित है जिसे अधिकारियों द्वारा कागजों की बाजीगरी एवं सरकार के द्वारा धन उपलब्ध न दिए जाने की दशा में लम्बित चला आ रहा है शुक्रवार को मनरेगा के हुए भुगतान का



विकासखंड करछना में किसी भी गांव का भुगतान नहीं होने से नाराज प्रधानों ने दिनभर ब्लॉक में गहमागहमी के साथ खंड विकास अधिकारी बबीता गुप्ता को ज्ञापन के माध्यम से पत्र देकर चेतावनी दी कि जब तक पूर्व में कराए गए सभी कार्य का भुगतान नहीं हो जाता तब तक ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना से चल रहे खेल मैदान अंत्येष्टि स्थल पंचायत भवन निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्य,इंटरलॉकिंग ,नाली आदि सभी मनरेगा से संचालित सभी योजनाएं तब तक लंबित रहेगी जब तक पूर्ण भुगतान नहीं हो जाता प्रधान संघ का नेतृत्व कर रहे संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह के नेतृत्व में सभी प्रधानों ने प्रमुख रूप से वीरू सिंह ,सुनील कुमार, दिनेश श्रीवास्तव , श्रीमती प्रिया? प्रधान प्रतिनिधि शिव बहादुर यादव, ?मिथिलेश पटेल , विपिन तिवारी,सुरेश कुमार पांडे ,लाल बहादुर पाल, दीप नारायण ,धर्मराज पटेल, राजकुमार पटेल, परमानंद मौर्य ,महामंत्री संघ के धीतेश तिवारी, चंद्र प्रकाश तिवारी,अमर नाथ द्विवेदी, रवि कुमार,ब्रजेश कुशवाहा,बृजनंदन तिवारी, अशोक कुमार, शैलेंद्र शर्मा सहित सभी ग्राम पंचायत के प्रधान एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मनरेगा मैटेरियल भुगतान को लेकर नाराज प्रधानों ने बीडीओ को सौंपा पत्र

**कहा- भुगतान नहीं हुआ तो कार्य बहिष्कार कर करेंगे ब्लाक में तालाबंदी**

**मेजा।** मनरेगा मैटेरियल का कार्य 60 /40 के रेसियो से पूर्ण होने के बाद भी भुगतान न होने से नाराज मेजा ब्लाक के प्रधानों ने बीडीओ मेजा को पत्र देकर अविलंब भुगतान कराने की मांग किया है।

उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को बीडीओ मेजा को दिए गए पत्र में इस बात का उल्लेख करते हुए लिखा है कि वे अपने संबंधित ग्राम पंचायत में मनरेगा मैटेरियल कार्य 60 और 40 के रेसियो से पूर्ण कर चुके हैं इसके बावजूद भी उनके द्वारा कराए गए कार्य के पुराने भुगतान को न कराकर वर्तमान सत्र में जोड़ा जा रहा है जबकि पिछले सत्र के पक्का काम का भुगतान 2022 / 23 के लास्ट तक होना था किन्तु शासन द्वारा भुगतान नहीं हुआ जबकि मनरेगा मैटेरियल कार्य का समय से भुगतान शासन की जिम्मेदारी है। प्रधानों का कहना है कि पुराने सत्र के मैटेरियल भुगतान का 60 /40 का रेसियो वर्तमान सत्र में लिया जाना न्याय संगत नहीं है प्रधानों ने संगठन के माध्यम से चेतावनी दिया है कि यदि शीघ्र ही उनका पुराना भुगतान नहीं किया गया तो वे लामबंद होकर कार्य का बहिष्कार करेंगे और मेजा ब्लाक में ताला बंदी करने को बाध्य हो जाएंगे।

## आल इंडिया सैनिक प्रवेश परीक्षा पास कर निखर तिवारी ने बढ़ाया स्कूल का गौरव



**मेजा।** मेजा पब्लिक स्कूल के छात्र निखर तिवारी ने आल इंडिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा पास कर न सिर्फ स्कूल का गौरव बढ़ाया बल्कि अपने माता पिता के साथ साथ शिक्षकों का भी नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील क्षेत्र का चर्चित इंगिश मीडियम स्कूल मेजा पब्लिक का छात्र निखर तिवारी पुत्र अमरेश तिवारी जो नर्सरी से ही उक्त स्कूल में कक्षा 8 वीं का छात्र रहा है। आल इंडिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा अपनी कड़ी मेहनत और लगन के साथ उत्तीर्ण किया है। जिसके लिए स्कूल के डायरेक्टर अमरेश तिवारी सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि निखर तिवारी की इस सफलता को देखते हुए स्कूल के डायरेक्टर अमरेश तिवारी ने कहा कि आल इंडिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर निखर ने न सिर्फ मेजा पब्लिक स्कूल का नाम रोशन किया है बल्कि पूरे मेजा तहसील क्षेत्र के साथ साथ अपने माता पिता व गुरुजनों का भी नाम रोशन किया है। डायरेक्टर का मानना है कि हमारा उद्देश्य वोकल फार लोकल है हमने शिक्षा के स्तर से कभी कोई समझौता नहीं किया है ना कभी करुगा। उन्हेंने मेजा के उन सभी अभिभावकों का आभार प्रकट करते हुए कहा जो अभिभावक मेरी गारंटी पर अपने बच्चें को मेरे स्कूल में दाखिला कराते हैं मै उन्हें गारंटी देता हूं कि उस बच्चे का भविष्य एक न एक दिन उज्जवल अवश्य होगा।उन्होंने कहा मेरा हमेशा ये प्रयास रहेगा की आपके बच्चों का भविष्य उज्जवल हो। इस मौके पर बधाई देने वालो में स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिका ओम शंकर मिश्रा ओम प्रकाश मिश्रा,सुभास पाण्डेय, रजनीश तिवारी, चारुल तिवारी स्वेता पाण्डेय रुचि पाण्डेय आकाश गोस्वामी, सच्ची पाण्डेय तथा प्रीती सोनी आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## रोजा रखना तकवा परहेजगारी सिखाता है, रोजा रख कर अल्लाह से तौबा करें : मौलाना मोहसिन

### रमजानुल पाक के प्रथम जुमा को मस्जिदों में नमाजियों की भीड उमड़ी



**मऊआइमा।** रमजानुल पाक महीने के प्रथम जुमा को मऊआइमा क्षेत्र के सभी मस्जिदों में नमाजियों की भीड एकत्रित रही। सभी लोगों ने नमाज अदा करते हुए अपनी गुनाहों की माफी मांगी। इस मौके पर मौलाना मोहसिन ने नमाजियों से कहे कि वह रोजा रखें और नमाज अदा करें मगर कसम खा लें कि कोई बुरा काम नहीं करेंगें।तभी आप का रोजा नमाज होगा।किसी से लड़ाई झगड़ा, गुनाह करना करने वालों का रोजा नमाज नहीं होगा।बाद में मौलाना मोहसिन ने मुल्क की तरक्की,अमन अमान की दुआएं कराई।

## नोडल शिक्षिकाओं के प्रयास से कम्पोजिट विद्यालय पड़िला को निपुण प्रमाण पत्र मिला

**थरवई।** शुक्रवार को विकास खंड सोरांव अन्तर्गत टॉप टेन के समस्त संस्था प्रमुखों व कक्षा प्रथम, द्वितीय व तृतीय के उन समस्त नोडल साथियों को विद्यालय निपुण प्रमाण पत्र मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज गौरव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी साथ ही उपस्थित ए आर पी सोरांव शशिकांत की उपस्थिति में सभी टॉप टेन को विद्यालय निपुण प्रमाण पत्र दिया गया। उसी क्रम में कम्पोजिट विद्यालय पड़िला को भी विद्यालय को मुख्य विकास अधिकारी के हाथों से प्रधानाध्यापिका प्रमिला खरे को भी निपुण प्रमाण पत्र देते हुए सम्मानित किया गया। नोडल शिक्षिकाओं में अल्का पाण्डेय, साधना यादव, शकीला बानो के अथक प्रयास से सफल बनाया गया। वहीं प्राथमिक विद्यालय इस्माइलगंज सेकेंड को बेस्ट नोडल शिक्षिका दिव्या त्रिपाठी को भी प्रमाण पत्र के साथ किया गया सम्मानित।

## हिमांशु समेत नवनियुक्त पदाधिकारियो को सपाइयों ने दी बधाई

**लोकसभा के चुनाव में होगी इंडिया गठबंधन की जीत रविन्द्र जाटव**









**कोरांव।** प्रयागराज आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर समाजवादी पार्टी ने शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर संगठन का विस्तार करते हुए हिमांशु सिंह को प्रदेश सचिव युवजन सभा सुधि कुमार जाटव विधानसभा अध्यक्ष बाबा साहेब वाहिनी कोरांव संतोष जैसल जाटव विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी अनुसूचित सभा मुस्ताक अंसारी विधानसभा अध्यक्ष युवजन सभा सदानंद बिंद नगर अध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा अविनाश सिंह पटेल ब्लॉक अध्यक्ष युवजन सभा गुलफाम खान जिला सचिव लोहिया वाहिनी समेत अन्य नेताओं का विभिन्न पदों पर मनोनयन होने पर सपाइयों में हर्ष व्याप्त है।इस मौके रविन्द्र जैसल जाटव महासचिव विधानसभा कोरांव समाजवादी पार्टी ने कहा की समाजवादी पार्टी हर वर्ग के लोगो का सम्मान करती है और समाज मे संघर्ष करने वाले लोगो को पहचान करते हुए क्रन्तिकारी लोगो का मनोनयन किया और इस मनोनयन से इंडिया गठबंधन की जीत इलाहाबाद लोकसभा से निश्चित हो गयी है।इसी क्रम में मेहताब खान नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने हिमांशु सिंह समेत अन्य नवनियुक्त पदाधिकारियो को बधाई देते हुए कहा ऐसे लोगो को नियुक्त करने से संगठन को मजबूती मिलेगी।बधाई देने वालो में मुख्य रूप से सोमदत्त सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी एवम जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज राजेश पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष दिनेश पटेल जिला सचिव ललन सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष नौशाद अंसारी शिवदानी पाल अतुल बिंद मंगला कोल अशोक विद्यार्थी रवि धईकार विनय सोनकर हरि प्रसाद पाल मंगलदेव कोल राम गोपाल सिंह नीरज सिंह आशीष मिश्रा शहादत अली अश्वनी पटेल दीपक पटेल दीपू कुशवाहा बंशराज यादव कमलेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रधानाध्यापक को मुख्य विकास अधिकारी ने किया सम्मानित



**जसरा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना जसरा प्रयागराज के प्रधानाध्यापक श्यामाकांत द्विवेदी को निपुण विद्यालयों के मानकों को पूरा करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा जिला पंचायत सभागार प्रयागराज में भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना जसरा अपने नवाचारों, वैज्ञानिक गतिविधियों, गणित प्रतियोगिता व रूचिकर शिक्षण कार्य के द्वारा अपनी अलग छवि प्रस्तुत कर रहा है। यहां के बच्चे विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी सफलता के झंडे गाड़ रहें हैं। अभी ब्लाक स्तरीय आविष्कार प्रतियोगिता में भी विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उत्तर प्रदेश जूनियर शिक्षक संघ के जिला महामंत्री राजेंद्र अनुरागी ब्लाक अध्यक्ष मनोज पाठक सहित सभी ने विद्यालय परिवार की इस उपलब्धि पर बधाई दिया है।

## ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखी करण कार्यक्रम सम्पन्न



**करछना।** क्षेत्र के अकोढ़ा गाँव के रघुनंदन गेस्ट हाउस में शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी कौंधियारा अरूण कुमार अवस्थी के नेतृत्व में ग्राम प्रधान,स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों का ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा इंद्रनाथ मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि अधीक्षक कौंधियारा पंकज कुमार पवन ने प्रतिभाग किया।मुख्य अतिथि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं धूप दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम की सुरुवात की।खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सम्मानित अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया।उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा को स्पष्ट करते हुए अपने संबोधन में कहा कि परिषदीय विद्यालयों की व्यवस्था एवं शैक्षिक स्तर के उन्नयन हेतु कायाकल्प 19 बिन्दु संतृप्ति करण, मिशन प्रेरणा, निपुण भारत एवं दीक्षा जैसे कई कार्यक्रम शासन,बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहें हैं।जिसमे कायाकल्प का कार्य ग्राम प्रधानों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।कार्यक्रम के अंर्तगत बच्चों ने लघु नाटक के द्वारा सरकारी योजनाओं से कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जागरूक किया साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। कौंधियारा ब्लाक के अन्तर्गत कई गांव के ग्राम प्रधान एवं प्रधान अध्यापक,प्रभारी प्रधान अध्यापको को ब्लॉक प्रमुख द्वारा सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन महेश शुक्ल एवं अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन एआरपी शत्रुध्न शुक्ल ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमेश पाण्डेय,प्रधान मनोज कुशवाहा,समर बहादुर सिंह,दुर्गेश मिश्र,हेमंत त्रिपाठी,अनिमेष श्रीवास्तव,राजेन्द्र पाण्डेय,विभिन्न एआरपी सहित कई गांव के प्रधान,प्रधानाध्यापक,शिक्षक एवं शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

## तानाशाह एवं जन विरोधी मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान : विश्व विजय

अखंड भारत संदेश।

**मांडा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की एक संगठनात्मक बैठक मेजा विधानसभा के बभनी हेठार गांव के प्रेमा रिशार्ल्ट गेस्ट हाउस मे शुक्रवार को आयोजित की गई। जिसमें यमुनापार जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी तथा न्याय पंचायत के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष के अलावा पार्टी के अन्य विंग और प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। सब ने एक आवाज मे संगठन को चुस्त दुरुस्त कर बूथ स्तर तक की समितियां के गठन का प्रस्ताव जिला कांग्रेस कमेटी को सुपुर्द किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष तथा प्रयागराज लोकसभा के समन्वयक के रूप मे विश्व विजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि युद्ध स्तर पर एकजुट होकर तानाशाह और जन विरोधी भाजपा मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का आवाहन किया। वहीं प्रयागराज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण तिवारी ने मंच के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि यह लड़ाई सिर्फ कांग्रेस को सत्ता में ले आने की नहीं बल्कि पूरी दुनिया में लोकतंत्र की जननी के रूप मे स्थापित भारत के लोकतंत्र एवं संवैधानिक संस्थाओं के मयार्दा को बचाने तथा नौजवानों के भविष्य एवं किसान मजदूर छोटे व्यापारियों को ठगने का काम कर रही मोदी सरकार को उखाड़ फेंकना है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संघर्ष करना पड़ेगा।

**महंगाई से हर वर्ग परेशान, युवा रोजगार के लिए दर दर भटक रहे,संविधान से खिलवाड़**



कार्यक्रम के संयोजक अनिल मिश्रा ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की शुभारंभ वंदे मातरम से और समापन राष्ट्रगान से हुआ। कार्यक्रम में राम छबीले मिश्र, डॉ दिनेश सोनी, सुरेश पटेल,रंगराज सिंह,बबलू शुक्ला,मातांबर मिश्रा, दिवाकर त्रिपाठी, बब्बन दुबे,चंद्रप्रकाश द्विवेदी, राजेंद्र धरकार,गजेंद्र तिवारी,राशिद अली,राजीव शुक्ला,मूल चन्द्र मौर्य एवं सभी ब्लॉक अध्यक्षों तथा जिले के कई पदाधिकारी ने अपने विचार व्यक्त किये। उक्त दौरान कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ी रही।

## न्यूज झरोखा

### शांति व्यवस्था के लिए सहसों में पुलिस ने किया रूट मार्च



**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस इंस्पेक्टर पंकज कुमार राय के नेतृत्व में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने शुक्रवार को पुलिस चौकी सहसों से आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहसों चौराहा होते हुए बाजार सहित भोपतपुर नेशनल हाईवे के पास रायल कैफे तक पैदल भ्रमण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर चौकी प्रभारी सहसों शिव प्रताप सिंह सहित आदि लोग रुट मार्च में शामिल रहे।

### कार्यकताओं ने किया पूर्व कैबिनेट मंत्री का स्वागत



**सहसों।** सहसों में शुक्रवार को कार्यकताओं ने पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश स्वामी प्रसाद मौर्य का स्वागत किया। वह बाबूगंज से सहसों होते हुए शहर की तरफ जा रहे थे। भारी संख्या में कार्यकताओं द्वारा पूर्व मंत्री को सहसों गोल चौराहा पर रोककर माल्यार्पण कर कर स्वागत किया गया। इस मौके पर सूबेदार मनोज कुमार मौर्य, महेंद्र मौर्य, संजय सम्राट, भोला कुशवाहा, त्रिवेणी मौर्य, विकास पासी, रणजीत मौर्य, पप्पू विश्वकर्मा, नवीन मौर्य, शिवेंद्र सिंह, सुनील चौधरी सहित आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### पीडीए गठबंधन की मजबूती के लिए सौरा गांव से निकाली गई रैली



**उतरांव।** लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही चुनावी हलचल तेज होती जा रही है। विधानसभा प्रतापपुर के सौरा गांव से पीडीए गठबंधन की मजबूती के लिए रैली निकाली गई। रैली को विभिन्न गांव में घुमाया गया। सौरा गांव निवासी सपा नेता अवधेश नारायण यादव के अगुवाई में शुक्रवार को गांव से निकाली गई रैली क्षेत्र के एकडला,सिठौली, जलालपुर, मनीपुर ,महुआ कोठी, बलीपुर आदि गांव में घुमाया गया। इस मौके पर पीडीए गठबंधन को मजबूत बनाने के लिए वोट देने की अपील की गई। रैली में पन्ना लाल यादव पूर्व प्रधान,लाल बहादुर यादव, पंकज यादव, आशाराम पहलवान ,जयराम पहलवान,अजीत यादव,साधु यादव,आर सी यादव, कमलेश यादव, हिमांशु अजीत यादव,दूधनाथ यादव आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता रैली में भाग लिया।इस मौके पर सियाराम यादव ने बिरहा के माध्यम से लोगों को पार्टी के प्रति सजग किया।

### डालमिया सीमेंट द्वारा संगोष्ठी का आयोजन जंघई में

**जंघई।** शुक्रवार को पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल स्टोर जंघई प्रांगण में डालमिया सीमेंट कंपनी की तरफ से ग्राहकों एवं राज मिस्त्रियों के मध्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डालमिया सीमेंट कंपनी के सेल्स अधिकारी राकेश जायसवाल, अक्षय दीक्षित द्वारा उपस्थित लोगों को सीमेंट की गुणवत्ता एवं सीमेंट से बने हुए भवनों की मजबूती एवं प्रयोग विधि के विषय में विस्तारपूर्वक महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। इस अवसर पर पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल के प्रोपराइटर विनोद पांडेय, गुंजन पांडेय, संजय पांडेय, अंकित पांडेय, मनोज पांडेय, कृष्णा मिश्रा, डाक्टर मिश्रा, दिनेश सिंह, रामप्रकाश पांडेय, अनुज तिवारी, डॉ मनोज, विश्वनाथ प्रजापति, सुजश दुबे, सुरेश, अजय मिस्त्री, हेमंत मंडल, डाक्टर मिस्त्री सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सपाइयों ने मनाई कांशीराम की 90वीं जयंती



**कोरांव** समाजवादी पार्टी के नगर पंचायत कोरांव स्थित कार्यालय में सपाइयों द्वारा महान समाज सुधारक और बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर काशीराम की 90 वीं जयंती एक बैठक आहूत कर मनाई गई इस मौके पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं और नेताओं द्वारा काशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके द्वारा किए गए समाज में जीवन संघर्ष को याद किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांशीराम साहब हमेशा से शोषित वंचित गरीब मजदूर किसान अल्पसंख्यक समाज को अधिकार दिलाने के लिए और उनके जीवन को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया और वह जानते थे कि बिना राजनीति के शोषित वंचितों को उनका अधिकार नहीं दिलाया जा सकता इस गरज से काशीराम साहब ने बहुजन समाज पार्टी की स्थापना कर चार बार सूबे में बसपा की सरकार बनाई महापुरषों के बताए मार्ग पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि देने के समान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे किसान नेता विधानसभा प्रभारी राजेश पांडेय जिला उपाध्यक्ष ने कहा की मान्यवर साहब ने अपना सम्पूर्ण जीवन सामंतवाद और मजलूमों पर अत्याचार के विरुद्ध लड़ने में व्यतीत कर दिया जिसका परिणाम है की आज किसान मजदूर अपने अधिकार के हर संभव लड़ाई लड़ने के लिए सदैव तत्पर रहते है।बैठक का संचालन रविंद्र जाटव महासचिव समाजवादी पार्टी विधानसभा कोरांव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से ललन सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष दिनेश पटेल जिला सचिव महताब खान नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी कोराव पवन सिंघाल जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी मंगलदेव कोल जिला सचिव सीमा अंसारी अश्वनी पटेल दीपक पटेल अजीत पटेल हरि प्रसाद पाल मनोज दीपांकर विद्या कांत कोल दिनेश यादव प्रधान रामानुज यादव प्रधान अशोक विद्यार्थी शिवदानी पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### सपा की पीडीए जन पंचायत टिकरी व बबुरा (तलिया) में 16 व 17 मार्च को

करछना विधानसभा क्षेत्र करछना के ग्राम पंचायत टिकरी (अकोढा) में पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष यमुनापार श्री पप्पू लाल निषाद जी एवं मुख्य वक्ता मा. सन्दीप पटेल विधायक मेजा तथा गगन यादव संयोजक अहीर रेजिमेंट होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महासचिव इंजी. जगदीश सिंह यादव एवं जिले के सम्मानित उपाध्यक्ष गण व पदाधिकारी उपस्तिथ रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक विकास सिंह यादव होंगे। विधानसभा अध्यक्ष करछना ननकेश बाबू ने बताया कि पंचायत मे समाजवादी सरकार की उपलब्धियों पर परिचर्चा एवं आगामी लोकसभा चुनाव 2024 मे इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को विजयी बनाने हेतु विचार विमर्श किया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ताओं जोन, सेक्टर एवं बूथ के पदाधिकारियो से अपील की गई है कि 16 मार्च को समय 11 बजे दिन में नियत स्थान पर पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दे। उक्त आशय की जानकारी विधानसभा महासचिव प्रदीप निषाद ने दी। साथ ही साथ 17 मार्च को ग्राम पंचायत बबुरा (तलिया) में समय 11:00 बजे दिन में पीडीए जन पंचायत को आयोजित किया गया हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ मान सिंह यादव मुख्य वक्ता श्री पप्पू लाल निषाद तथा विशिष्ट अतिथि जिला महासचिव इंजी. जगदीश सिंह यादव तथा विशेष उपस्थिति में डॉ उमेश यादव, रणजीत सोनकर व युवजन सभा के जिलाध्यक्ष नितेश तिवारी होंगे। कार्यक्रम के संयोजक अरुण यादव व उमेश यादव होंगे। जोन सेक्टर तथा बूथ के सभी पदाधिकारी गणों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।



## वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**मांडा।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में हुऐ वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अध्यापक व अभिवावको के साथ श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। बच्चो की प्रतिभा को देखते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार गौतम ने बच्चों को देश का भविष्य बताया एवं छात्राओं को अगली कक्षा में प्रवेश के लिए कक्षा 5 के बच्चों को फूल माला पहनाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को सम्मानित करने के बाद प्रधानाचार्य ने बच्चों को अगली कक्षा में प्रवेश के लिए उत्साह वर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मुचकुंद मिश्रा, प्राथमिक विद्यालय कनेवरा सहायक अध्यापक संतोष कुमार शुक्ला, एआरपी जितेंद्र कुमार, एआरपी केशव प्रसाद, एआरपी अमरेश प्रताप, सहायक अध्यापक संगीता देवी, आकांक्षा मिश्रा, रमेश कुमार मिश्रा, अमृतलाल मौर्य, श्रद्धा, साइमा बीवी आदि लोग उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### रविवार शाम तक शास्त्री पुल पर यातायात हो जाएगा सुचारू

**झूंसी।** शास्त्री पुल में आई खराबी को ठीक करने में दर्जन भर मजदूर कड़ी मशक्कत कर रहे हैं बताया जा रहा है कि रविवार शाम तक पुल के पिलर में आई खराबी को दूर कर आवागमन चालू कर दिया जाएगा। एक लेन पर ही आवागमन की वजह से तीसरे दिन शुक्रवार की सुबह व शाम भीषण जाम रहा। बाकी दिन में हालात सामान्य रहा। शास्त्री पुल के 28 नंबर पिलर की बैरिंग गिरने की वजह से पुल के जोड़ में दरार आ गई है। मरम्मत कार्य के चलते बुधवार से ही शहर से झूंसी जाने वाली लेन को बंद कर दिया गया है एक ही लेन से वाहनों की आवाजाही हो रही है। इस वजह से तीन दिन से लोगो को जाम का झाम झेलना पड़ रहा है। शुक्रवार को दिन में आवागमन सामान्य रहा लेकिन सुबह-शाम घर से अपने अपने काम पर निकले लोग घंटो जाम में फंसे रहे। जाम में फंसे अंकुल सिंह ने बताया कि पीपा का पुल हटाने की वजह से और समस्या हो रही है। बीते गुरुवार तक जाम में फंसे लोगो को माघ मेले में बने पीपा पुल से शहर की ओर भेज दिया जा रहा था मगर गुरुवार की रात में माघ मेले के काली सड़क पर बने पीपा पुल को भी हटा दिया गया। जिसकी वजह से लोगो को भारी असुविधा हुई। वही मरम्मत कार्य मे लगे मजदूर रविवार शाम तक आवागमन सुचारू होने की बात कह रहे है। उन्होंने बताया कि पिलर के छतिग्रस्त हिसे पर ढलाई हो गई है। शनिवार को बैरिंग लगा दिया जाएगा।

# सीडीओ की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, निर्माण कार्यो एवं विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**मुख्य विकास अधिकारी ने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश, तथा कहा कि विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं**



युनाइटेड भारत

**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड व 50 लाख रुपए व उससे अधिक की लागत वाले निर्माण कार्यों एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने पीडब्लूडी, सेतु निगम, यूपी सिड़को, यूपीपीसीएल, यूपीआर एनएसएस, उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कार्पोरेशन लि., सीएण्डडीएस, जल निगम, उत्तर राज्य पर्यटन निगम सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा विभिन्न विभागों की परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की।

उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जो भी निर्माण कार्य चल रहे है, वे सभी कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण कराकर हैण्डओवर की कार्यवाही करें।मुख्य विकास अधिकारी ने पूर्ण हुए भवनों/निर्माण कार्यों की थर्ड पार्टी से जांच कराये जाने के साथ ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को भी कृतकार्यों का निरीक्षण कर अपूर्ण कार्यों व जिन कार्यों में कुछ कमी है, को कार्यदायी संस्था से समन्वय कर कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि सभी कार्य मानक के अनुसार पूर्ण होने के बाद ही हस्तांतरण की कार्यवाही पूर्ण हो, इसके साथ ही उन्होंने चल रहे निर्माण कार्यों की नियमित रूप से जांच जनपद स्तरीय अधिकारियों की टीम से भी कराये जाने का निर्देश दिया है।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर छात्रवृत्ति प्रतिपूर्ति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रगति, ओडीएफ, शौचालयों की जिओ टैगिंग, पी0एम0 पोषण, मध्यान्ह भोजन, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, स्किल डेवलपमेंट, नई सड़कों के निर्माण, सड़कों के अनुरक्षण, किसान कल्याण केन्द्र आदि की अद्यतन प्रगति की विस्तार से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने अनुसूचित जाति दशमोत्तर व पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना में जनपद की रैकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिला पंचायतीराज अधिकारी से शौचालयों की जिओ टैगिंग कराये जाने व ओडीएफ की जानकारी लेते हुए कार्य को तेजी के साथ कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने पर्यटन विभाग की सभी परियोजनाओं का कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा भौतिक प्रगति की पोर्टल पर फीडिंग न किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति की फीडिंग अवश्य किए जाने के लिए निर्देशित किया है । मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से छात्रों की उपस्थिति व मिड-डे-मील की फीडिंग सही ढंग से करवाये जाने के साथ समय से त्रुटि पूर्ण आंकड़े की फीडिंग करने वाले प्रधानाध्यापकों को चिन्हित करते हुए उनका वेतन रोकने तथा प्रतिकूल प्रविष्टि देने के लिए कहा है।

उन्होंने सेतु निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए निमार्णाधीन कार्यों के प्रगति की जानकारी प्राप्त की एवं सभी निमार्णाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने धीमी प्रगति वाले निर्माण कार्यों में आ रहे अवरोधों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सभी अवरोधों को निस्तारित करते हुए कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करा लिए जाये। उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपी सिडको एसआरएन हॉस्पिटल में टाइल्स व अन्य अपूर्ण कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक ढंग से पूरा कराये जाने के पश्चात ही हैण्ड ओवर की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को जिला कारागार नैनी में शेष कार्यों को तेजी से कराते हुए मार्च माह में ही पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने रूअर्बन मिशन से सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं को सभी निर्धारित लक्ष्यों को इसी माह तक पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को विभागीय लक्ष्य समय से पूर्ण कराये जाने के साथ ही फीडिंग में हुई त्रुटियों को अवश्य सही कराये जाने के लिए कहा है, जिससे कि फीडिंग में हुई त्रुटि के कारण रैकिंग प्रभावित न हो। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्माण कार्यों के निरीक्षण हेतु नियुक्त सभी अधिकारियों को कार्यों का निरीक्षण कर निरीक्षण आख्या समय से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्या, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एपीएस द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए आवेदन शुरू, 331 पदों पर होनी है भर्ती

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने अपर निजी सचिव (एपीएस)-2023 की द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन मांग लिए हैं। आवेदन प्रक्रिया बृहस्पतिवार से शुरू हो गई। प्रथम चरण की परीक्षा में सफल घोषित किए गए 5889 अभ्यर्थी दूसरे चरण की परीक्षा में शामिल होंगे।आयोग ने एपीएस के 331 पदों पर भर्ती के लिए 19 सितंबर 2023 को विज्ञापन जारी किया था। पहले चरण की परीक्षा सात जनवरी 2024 को प्रदेश के पांच जिलों प्रयागराज, मेरठ, गोरखपुर, कानपुर नगर और लखनऊ में आयोजित की गई थी। चार मार्च 2024 को परीक्षा का परिणाम जारी किया गया, जिसमें 5889 अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए सफल घोषित किया गया।यूपीपीएससी के कैलेंडर में द्वितीय चरण की परीक्षा नौ अप्रैल 2024 से प्रस्तावित है। आयोग ने सफल अभ्यर्थियों से दूसरे चरण की परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन मांगे हैं। अभ्यर्थियों को 29 मार्च तक आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर लेनी है। आवेदन में त्रुटि होने पर अभ्यर्थियों को एक बार संशोधन का मौका भी मिलेगा। ऑनलाइन भरे गए फॉर्म सेट प्रिंट लेना होगा।प्रिंट के रूप में आवेदन की हार्डकॉपी सभी संलग्नक के साथ पांच अप्रैल या इससे पहले शाम पांच बजे तक आयोग को पंजीकृत डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर डाक अनुभाग के काउंटर (पूछताछ) पर उपलब्ध करानी है। जाति प्रमाणपत्र, ईब्डल्यूएस प्रमाणपत्र, स्वतंत्रता संगम सेनानी के आश्रितों का प्रमाणपत्र एवं दिव्यांगता प्रमाणपत्र आदि के प्रारूप की पीडीएफ फाइल आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त आरक्षण के दावे के संबंध में प्रस्तुत अभ्यर्थियों के जाति प्रमाणपत्र डिजिटल प्रारूप में भी स्वीकार किए जाएंगे, लेकिन उसके साथ निवास प्रमाणपत्र जरूरी है। पहले चरण की परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन में श्रेणी/उपश्रेणी/ अर्हता आदि के संबंध में दिए गए दावे के समर्थन में समस्त अभिलेख द्वितीय चरण की परीक्षा के आवेदन के साथ संलग्न करने होंगे, अन्यथा अभ्यर्थन स्वतः निरस्त माना जाएगा।

# हंडिया में अधिवक्ता परिषद का चुनाव संपन्न , 85 प्रतिशत पड़ा वोट





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हंडिया तहसील परिसर में पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को अधिवक्ता परिषद का चुनाव सकुशल संपन्न हो गया ' चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन की टीम लगातार एक्टिव रही ' चुनाव समाप्ति के बाद मत पेटियों को सील कर प्रशासन अपने अभिरक्षा में ले लिया ।मतदान के लिए हंडिया तहसील परिसर में कुल चार बूथ बनाए गए हैं ' चारों बूथों पर निष्पक्षता के साथ चुनाव हो उसके लिए प्रशासन द्वारा सभी बूथों पर जाकर निरीक्षण करते हुए मतदान के स्थिति का जायजा लिया और निरंतर भ्रमणशील रहते हुए संबंधित को दिशा निर्देश दिए।

**लगभग 85 प्रतिशत पड़े वोट :** अधिवक्ता परिषद चुनाव में लगभग शाम चार बजे तक हंडिया तहसील में लगभग 85 प्रतिशत वोट पड़े ' जिसमें लगभग 1000 मतदाताओं में 847 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने-अपने पंसदीदा प्रत्याशियों को वोट दिया।

**प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर :** अधिवक्ता परिषद के इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 3 प्रत्याशी, उपाध्यक्ष के लिए 3 प्रत्याशी, मंत्री पद के लिए 4 प्रत्याशी,और संयुक्त मंत्री पद के लिए 5 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपने भाग्य को आजमा रहे है । जहां सभी प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है।

## एबीवीपी की इविवि कार्यकारिणी घोषित



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई की नई कार्यकारिणी आज शुक्रवार को घोषित कर दी गई। इकाई अध्यक्ष पद के लिए आलोक त्रिपाठी एवं इकाई मंत्री के रूप में आयुष्मान चौहान को निर्वाचित किया गया है। चुनाव अधिकारी के रूप में उपस्थित डॉ. मनीष ने इकाई अध्यक्ष और मंत्री की घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभाविप काशी प्रांत के प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह की उपस्थिति रही एवं उन्होंने नई टीम को शुभकामनाएं दी। नई कार्यकारिणी में इन्हें मिला दायित्व : इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के नवनिर्वाचित इकाई अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने नई कार्यकारिणी भी घोषित कर दी है। इकाई उपाध्यक्ष के रूप में आदित्या कुमारी, हिमांशु पांडेय, अखिलेश कुशवाहा, प्रकाश सिंह, धीरज पांडेय व अमर सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। परिषद के इकाई सह-मंत्री के रूप में ऋषव शर्मा, राहुल सिंह, अंतिमा दुबे, अनुज मौर्या, अतुल यादव, गंगाधर को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## इविवि के शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा 14 दिवसीय अंतर अनुशासनिक पुनश्चर्या कार्यक्रम का आयोजन

**प्रयागराज।** इविवि के शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा मालवीय मिशन टीचर ट्रैनिंग सेंटर के तत्वाधान में चौदह दिवसीय अंतर अनुशासनिक पुनश्चर्या कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन मोड में दिनांक 2 मार्च से 15 मार्च तक किया गया। इसका विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम का कायाकल्प था। कार्यक्रम का समापन समारोह 15 मार्च को किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो राजाराम यादव जी एवम् जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो कल्पलता पाण्डेय सम्मिलित हुई। विभागाध्यक्ष प्रो धनंजय यादव एवं एमएमटीटीसी के डायरेक्टर प्रो आशीष सक्सेना द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। प्रो कल्प लता पांडे ने भारतीय मूल्य से ओत प्रोत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विजन के संबंध में चर्चा की प्रोफेसर राज राजाराम यादव ने कहा कि केवल पॉलिसी बना लेने से ही काम नहीं चलेगा बल्कि इसका सही ढंग से क्रियान्वयन आवश्यक है। कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर सरोज यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



## मतदाता जागरूकता को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने पिंक रैली को दिखाई हरी झण्डी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता हेतु शुक्रवार को पिंक रैली का आयोजन किया गया। पिंक रैली को मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली चन्द्रशेखर आजाद पार्क गेट नम्बर तीन से चलकर हनुमान मंदिर सिविल लाइन, सुभाष चौराहा होते हुए जिला पंचायत सभागार में समाप्त हुई। कार्यक्रम में स्वीप प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह ने अधिक से अधिक मतदान के लिए पूरे जनपद के सभी विभागों व संस्थानों को व सभी वर्गों को जोड़ने व जागरूक कर मतदान करने का आह्वाहन किया। पिंक रैली में लगभग 500 स्कूटी सवार पिंक ड्रेस पहने शिक्षिकाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता के नारे व भारत माता के जयकारा लगाते हुए रैली में पूरे जोश के साथ प्रतिभाग किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी ने आधी आबादी को ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए जागरूक करने पर जोर दिया। इस अवसर पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक लाल बाबू मौर्य, बीएस यादव, प्रभाकर त्रिपाठी, अनुपम परिहार, देवेन्द्र, शिवऔतार, अखिलेश, शैलपति, जय सिंह,अनुरागिनी सिंह, संगीता सिंह, भदौरिया, सुनीता वर्मा, हेमलता सिंह, कल्पना शुक्ला सहित सैकड़ों संख्या में शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आयकर कर्मियों ने प्रद्रर्शन कर किया नारेबाजी



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** आयकर कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने आठ सूत्रीय मांगो के समर्थन में कामकाज ठप कर विरोध जताया। कर्मचारियों ने केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर दोपहर बाद कार्य बहिष्कार कर दिया। सभा कर नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। आयकर कर्मचारी महासंघ के जोनल सचिव योगेश्वर राय ने कहा कि कर्मचारी महासंघ के सदस्य अपनी विभागीय मांगों के न माने जाने के कारण पिछले कई महीनों से केन्द्रीय प्रत्यक्ष बोर्ड नई दिल?ली के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में इलाहाबाद सहित प्रत्येक मुख्यालय पर कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड नई दिल्ली से अभी तक कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है। इससे आयकर कर्मचारियों में निराशा की भावना है। कर्मचारियों ने आक्रोशित होकर नारेबाजी करते हुए मांगें पूरी करने को कहा।

**कर्मचारियों की मांगें :** आयकर कर्मचारी 6 मार्च से चरणबद्ध तरीके से आन्दोलन कर रहे हैं। तीन दिनों तक धरना प्रदर्शन कर कर्मचारियों ने आवाज बुलंद की थी। इसी कड़ी में शुक्रवार को कामकाज ठप कर प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों की मांग है कि विभाग में कार्यरत डेली वेजर को नियमित किया जाए। कोलकाता और केरल हाईकोर्ट के निर्णय को लागू किया जाए। खाली पदों पर पदोन्नति की जाए। आयकर विभाग के आईटीबीए पोर्टल पर कार्य के सम्बन्ध में कर्मचारियों को रोल एलाट हो। गिरीश तिवारी, ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम शर्मा ,संतोष मालवीय, राजेश कुमार गुप्ता, अरुण कुमार शुक्ला, विजय कुमार यादव, लाल बहादुर यादव, तिलक राज सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दुर्घटना में वृद्व की मौत पर भतीजे ने दर्ज कराया ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा

**मऊआइमा।** प्रतापगढ़ के थाना पट्टी के ग्राम रामपुर बेला निवासी राजाराम चौरसिया 58 वर्ष पुत्र पूदन अपने पुत्र सतन्जय के साथ बाइक से गुरुवार को प्रयागराज उपचार के लिए जा रहे मऊआइमा के सकरा मऊ के पास ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया था। जिससे राजाराम चौरसिया की मौत हो गई थी। शुक्रवार को मृतक के भतीजे विजय कुमार ने ट्रैक्टर चालक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस ने ट्रैक्टर को थाने में खडी करा ली है।

**आवश्यकता है**

मधु वाचस्पति इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज कोईलहा, पुरामुफ्ती, कौशाम्बी में स्ववित्तपोषित योजना केअन्तर्गत स्नातक स्तर पर बी०ए०एल-एल०बी० पाठ्यक्रम हेतु सहायक आचार्य (राजनीति विज्ञन, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, दर्शनशास्त्र एवं कम्प्यूटर साइंस के एक-एक पद एवं विधि के दो पद) कुल 7 पद योग्यताः विश्वविद्यालय एवं यू०जी०सी०के : नियमानुसार वेतनमान

यू.जी.सी. के मानकानुसार विज्ञपन प्रकाशन के 07 दिन के अन्दर समस्त स्वप्रमाणित प्रमाण-पत्र एवं फोटो महाविद्यालय कार्यालय को रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें।

**वाचस्पति प्रबन्धक मधु वाचस्पति इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रसूलाबाद पुरामुफ्ती, उर्फ कोईलहा, जी०टी०रोड, कौशाम्बी 212213**

Email: institutemvils@gmail.com
MobileNo.: 9838077859



## हाईकोर्ट समाचार

### ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग केवल कृषि कार्य में हो, ईंट, बालू, मौरंग की ढुलाई पर लगाई जाए लगाम

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग कृषि कार्य के लिए किया जाए। ईंट, बालू, मौरंग, गिट्टी आदि की ढुलाई पर लगाम लगाई जाए। जरूरत पड़े तो परिवहन विभाग इस पर कानून बनाए। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने फिरोजाबाद के अरांव थानाक्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली से दुर्घटना में मौत के आरोपी संजय की जमानत अर्जी खारिज करते हुए दिया है।कोर्ट ने कहा कि अनाधिकृत रूप से ट्रैक्टर-ट्रॉली से ईंट, बालू, मौरंग, गिट्टी आदि की दुलाई की जा रही है। ट्रैक्टर-ट्रॉली को मुख्य मार्ग व बाजारों के बीचोंबीच ले जाया जा रहा है। ट्रॉली काफी बड़ी होती है, जिससे बाजारों में आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। इससे दुर्घटनाएं भी होती हैं। ट्रॉली में न तो लाइट लगी होती है और न ही इंडीकेटर होता है। रात में पीछे से दिखाई नहीं देने से अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। अधिकतर ऐसे लोग भी ट्रैक्टर-ट्रॉली चलाते हैं, जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होता। कोर्ट ने कहा, पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग गैर कृषि कार्यों के लिए किया जाना केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम 1998 का उल्लघंन है। परिवहन विभाग से अपेक्षा की जाती है कि अनाधिकृत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर अंकुश लगाए। अगर कानून भी बनाना पड़े तो इस दिशा में भी विचार करें।

## कम प्रतिशत मतदान चिंता का विषय : सरदार पतविंदर सिंह

**कम मतदान वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर हाथों में चरण पादुका लेकर,प्ले कार्ड में स्लोगन लिखकर,पॉव पूजन कर जैसे कई प्रयास**



**नैनी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए जन जागरूकता अभियान चला दिया है क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि हर मतदाता चुनाव में भागीदारी करें और प्रत्याशी के गुण- दोष पर विचार करते हुए अपना वोट जरूर दे लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो अपने मत के महत्व को नहीं समझते। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि कम मतदान वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां जन जागरूकता अभियान हाथों में चरण पादुका लेकर,प्ले कार्ड में स्लोगन लिखकर,पॉव पूजन कर जैसे कई प्रयास कर रहे है जिसके परिणाम सकारात्मक हो सकते हैं मतदान का महत्व समझाने में सफल हुए तो कुछ असर तो पड़ेगा ही'क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि सर्वाधिक चिंता का विषय तो यह है कि वीआईपी कहीं जाने वाली कॉलोनी के लोग राजनीति को लेकर मुखर तो खूब होते हैं लेकिन वोट देने के लिए घर से बाहर नहीं निकलते अपार्टमेंट और प्राइवेट सोसाइटी को लक्षित करके वहां जागरुकता अभियान चला कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य किया जाएगा।

# घूरपुर में अवैध अफीम की खेती पर पुलिस आबकारी की सयुक्त टीम ने की छापेमारी

**50 लाख कीमत की अफीम बरामद, दो अभियुक्त गिरफ्तार**



अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** घूरपुर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध अफीम की खेती पाए जाने पर पुलिस और आबकारी विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस ने एक गांव में दबिश देकर 50लाख कीमत की अफीम बरामद कर दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घूरपुर थाना अंतर्गत ग्राम अमरेहा में कृषि भूमि पर अवैध अफीम की खेती किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर गुरुवार रात थाना प्रभारी निरीक्षक घूरपुर और आबकारी पुलिस मय फोर्स छापेमारी की तो अफीम के कारोबारियों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने पीछा कर मौके से दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। सूचना पर सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा, नायाब तहसीलदार बारा एवं आबकारी निरीक्षक भी पहुंच छानबीन कर कब्जे से 57 किलो 600 ग्राम अवैध कच्ची अफीम (पौधे व फल) बरामद कर खेत को शील किया गया कृषि भूमि में अवैध अफीम की कच्ची खड़ी फसल के 1208 पौधे व 1307 फल अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख बताया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों में मिश्रीलाल कुशवाहा पुत्र स्व0 जयनारायण कुशवाहा निवासी ग्राम अमरेहा थाना घूरपुर दूसरा पंचराज कुशवाहा पुत्र स्व0 जयनारायण कुशवाहा निवासी ग्राम अमरेहा थाना घूरपुर के है। दोनो अभियुक्तों के खिलाफ पंजीकृत मु0अ0सं0 105/2024 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर शुक्रवार के दिन जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम में सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा विवेक कुमार यादव ,प्रभारी निरीक्षक केशव वर्मा थाना घूरपुर ,आबकारी निरीक्षक नीरजा सिंह ,उ0नि0 दिनेश सिंह,नायब तहसीलदार राकेश कुमार यादव,उ0नि0 प्रेमशंकर चौकी प्रभारी गौहनिया,.उ0नि0 जितेन्द्र प्रताप यादव ,उ0निङ्क नरेन्द्र सिंह थाना घूरपुर सहित राजस्व व सिपाही शामिल रहे। क्षेत्र में किए जा रहे इतने बड़े पैमाने पर अवैध अफीम की खेती से इस बात की भी आशंका है कि इस तरह अवैध अफीम की खेती आसपास के इलाकों में भी होती होगी।

**आवश्यकता है**

एम० वी० आर० लॉ० कालेज, कसिया, सिराथू,कौशाम्बी में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत एल०एल०बी० (त्रिवर्षीय) एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रवक्ता 6 पद एल०एल०बी० (त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम प्रवक्ता - 1 पद (राजनीति विज्ञन) एल.एल.बी. पंचवर्षीय पाठ्यक्रम योग्यता विश्वविद्यालय एवं यू०जी०सी० के नियमानुसार वेतनमान यू०जी०सी० के मानकानुसार विज्ञपन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समस्त स्वप्रमाणित प्रमाणपत्रों एवं फोटो विधि महाविद्यालय कार्यालय को रजिस्ट्रेड डाक द्वारा प्रेषित करें।

**वाचस्पति प्रबन्धक एम० वी० आर० लॉ० कालेज, कसिया, सिराथू, कौशाम्बी - 212201**

Email-nodalmvrl@gmail.com
मोबाइल नं0- 7518011098

# प्लेटफार्मों पर कदम-कदम पर मिली खामियां, अधिकारियों को लगाई फटकार

## नार्दन रेलवे की प्रधान वित्तीय सलाहकार ने अधिकारियों के साथ किया जंक्शन का निरीक्षण

### बंद पड़े वाटर कूलर, प्लेफार्म पर बने गड्ढे, गायब टिन शेड देख जताई नाराजगी

**अखंड भारत संदेश**



रेलवे जंक्शन का निरीक्षण करतीं प्रधान वित्तीय सलाहकार मंजुषा जैन।

**प्रतापगढ़।** मां बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन के प्लेटफार्मों पर व्याप्त अव्यवस्थाओं को देख नार्दन रेलवे की प्रधान वित्तीय सलाहकार मंजुषा जैन ने गहरी नाराजगी प्रकट की। उन्होंने अधिकारियों से सवाल करना शुरू किया तो सभी गोलमोल जवाब देते नजर आए। शुक्रवार को सुबह करीब एक घंटे तक उन्होंने टीम के साथ सभी प्लेटफार्मों का निरीक्षण किया। इस दौरान कदम-कदम पर खामियां मिली। उन्होंने पांच दिन के भीतर इसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान रेल अधिकारियों में खलबली मची रही।

सुबह करीब पौने 11 बजे प्रधान वित्तीय सलाहकार मंजुषा जैन टीम के साथ पद्मावत एक्सप्रेस से मां बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन पहुंची। ट्रेन से उतरने के बाद वह सीधे स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में पहुंची। यहां अधिकारियों के साथ बैठक की। सुबह 11:30 बजे एडीएमई, स्टेशन अधीक्षक शमीम अहमद, सीएमआई नीरज सोमवंशी के साथ सबसे पहले प्लेटफार्म नंबर एक का निरीक्षण शुरू किया। यहां फूड प्लाजा में पहुंची। यहां रेल आहार के पैकेट को खुलवाकर देखा। इसके बाद आगे टीम आगे बढ़ी तो वाटर कूलर की टोटियां सूखी पड़ी थी। उन्होंने कहा कि वाटर कूलर कब से खराब पड़ा है। मशीन क्या नहीं दुरुस्त कराई जा रही है। स्टेशन अधीक्षक शमीम और आईडब्ल्यू को इसे जल्द दुरुस्त कराने को कहा। इसके बाद वह पार्सल घर पहुंची। पार्सल बाबू से बार कोडिंग की जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि आंवले की बुकिंग होती है या फिर नहीं। सीएमआई नीरज सोमवंशी ने बताया कि पहले आंवले की बुकिंग होती थी, करीब पांच साल से ठप है। बताया गया कि अब वाया रोड व्यापारी माल को ले जा रहे है। इधर, तीन व चार नंबर प्लेटफार्म पर जगह-जगह गड्ढे, खराब पड़े हैंडपंप, गायब टिन शेड पर गहरी नाराजगी प्रकट की। इसके बाद उन्होंने 20 मार्च के भीतर दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। इसके बाद अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्यों का भी जायजा लिया। कहा कि प्लेटफार्मों पर शौचालय की भी व्यवस्था की जाए। इस दौरान एफए एंड सीएओ कंस्ट्रक्शन अमरीश सिंह, डीएफएम सर्वेश सिंह, सीएओ कंस्ट्रक्शन डीएफएम दीप्ती सचदेवा आदि मौजूद रहे।



अभिलेख पोर्टल का फीता काटकर शुभारंभ करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

# राजस्व अभिलेखों को आनलाइन मुआयना की सुविधा देने में प्रतापगढ़ पूरे प्रदेश में पहला जिलाः डीएम

### डीएम ने कलेक्टेट्रट में बने अभिलेखागार में राजस्व अभिलेख पोर्टल का किया शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेट्रट में बने अभिलेखागार में राजस्व अभिलेख पोर्टल प्रतापगढ़ का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया सिर्फ जनपद प्रतापगढ़ में राजस्व अभिलेख पोर्टल की आनलाइन व्यवस्था की गयी है, अभी किसी अन्य जनपदों में यह व्यवस्था लागू नही है।

उन्होंने कहा कि जमीन से सम्बन्धित अभिलेख जो काफी पुराने एवं जीर्ण-शीर्ण हो गये थे और उन रिकार्डो को ढूढ़ने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था और समय भी ज्यादा लगता था, इन सबकों देखते हुये राजस्व अभिलेख पोर्टल की शुरूआत जनपद में की गयी है। जमीन से सम्बन्धित जितने भी पुराने अभिलेख पाये गये उनको स्कैन कराकर एक पोर्टल विकसित कर उसमें सभी रिकार्ड को संरक्षित किया गया है। नये पोर्टल के माध्यम से अधिवक्ताओं के लागिन से राजस्व अभिलेखों का मुआयना किया जा सकेगा, साथ ही अभिलेख की नकल प्राप्त करने हेतु पोर्टल पर आवेदन कर सकते है जिसमें अभिलेख के सही और गलत की जानकारी प्राप्त हो जायेगी और कार्यालय से अभिलेख की नकल अधिकतम 03 कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है। जनपद के 05 तहसीलों में से 03 तहसीलों क्रमशः कुण्डा, रानीगंज व लालगंज के पुराने राजस्व अभिलेख को आनलाइन कर दिया गया है एवं 02 तहसीलों सदर व पट्टी के राजस्व अभिलेख को आनलाइन करना अभी बाकी है इन रिकार्डो को जल्द से जल्द आनलाइन कराकर मॉडल रिकार्ड रूम एवं आनलाइन रिकार्ड रूम हो जायेगा।

# सिलेंडर हुआ ब्लास्ट, एक दर्जन से अधिक लोग आग से झुलसे

### दूध उबालते समय छप्पर में लगी थी आग

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दूध उबालते समय अचानक रसोई घर के छप्पर में आग लग गई, जिससे वहां रखा गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया, जिसमें एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से झुलस गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से घंटों मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया। लेकिन तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रसुलहा बिंद बस्ती में दोपहर तीन बजे चंद्रभान बिंद व राजभान दोनों भाइयों का परिवार एक ही मकान में रहता है। गुरुवार को इनके घर की महिला छप्पर बने रसोईया में आग के चूल्हे पर दूध उबाल रही थी। इस दौरान छप्पर में आग लग गई। आग की लपटे इतनी तेज थी। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे और आग को बुझाने का प्रयास किया

#### सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम

लेकिन छप्पर के नीचे रखें गैस सिलेंडर में आग लग गई और थोड़ी देर बाद वह ब्लास्ट हो गया। जिसमें राजभान 40, असर्फी लाल 30, मोहित 18, प्रवीन 19, अतुल 22, ध्रुव चंद्र 25, अरूण कुमार 22, शशि कांत 24, अमृत लाल 25, नीरज 24, आग बुझाते समय गंभीर रूप से झुलस गए हैं। सूचना पर पहुंची पट्टी पुलिस व फायर कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से गांव में लगे पंपिग सेट चला कर आग पर किसी तरह काबू पाया। ब्लास्ट इतना तेज था कि बगल में बने पक्के मकान में आग पहुंच गई और उसमें रखा लाखों रुपए का सामान अनाज, बिस्तर, कपड़ा सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। मकान की दीवारों व छत में दरारें आ गई। आग से हुए नुकसान के चलते राजभान व चंद्रभान बिंद का पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है।

# आंवला के जनक गांव गोडे में बनेगा आंवला पैक हाउस

### भूमि हुई चिन्हित, तीन माह में बनकर तैयार हो जाएगा भवन

**अखंड भारत संदेश**



भूमि का निरीक्षण करते कार्यदायी संस्था के अधिकारी।

**प्रतापगढ़।** एक जनपद एक उत्पाद के रूप में चयनित जनपद प्रतापगढ़ के आंवला आधारित उत्पादकों को बड़ी राहत मिलेगी। जल्द ही आंवला के जनक माने जाने वाले गोंड़े गांव में पैक वाला हाउस बनकर तैयार होगा।

बता दें कि जिले को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक जनपद, एक उत्पाद की योजना के तहत आंवला के उत्पादक जनपदों की श्रेणी में रखा गया है। प्रतापगढ़ के छह विकास खंडों को आंवला फलपट्टी के रूप में लगभग तीन दशक पहले ही घोषित किए जाने के बावजूद भी आंवला किसानों को विशेष सुविधाएं न मिलने के कारण उनको उनके उत्पादन का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा था। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए एक जनपद एक उत्पाद के तहत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आंवला को चयनित किए जाने के बाद आंवला किसानों के दिन बहुरने शुरू हुए। अनेक परियोजनाएं आंवला पर आधारित स्वीकृत हुई जिसका लाभ आंवला के किसानों को मिला। आंवले को लेकर सबसे बड़ी समस्या उसके वन उपज की श्रेणी में रखे जाने के कारण उन्हें वन विभाग द्वारा तमाम तरीके से परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन इस मसले को संसद के शून्य काल में सांसद संगम लाल गुप्ता द्वारा उठाए जाने के उपरांत भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने संयुक्त रूप से उस प्रावधान को समाप्त करते हुए आंवला को वन उपज से कृषि उपज की श्रेणी में ला दिया जिससे फौरी तौर पर किसानों को बड़ी राहत मिली। जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा द्वारा व्यक्तिगत रूप से रुची लेकर स्थापित किए जाने वाले वाला पैक हाउस के संबंध में कार्यदाई संस्था के अधिकारियों तथा राजस्व की टीम को निर्देशित कर गोड़े गांव में शुक्रवार को वाला पैक हाउस का निर्माण कार्य आरंभ कराये जाने के निर्देश दिए गए। जिला अधिकारी के निर्देश के क्रम में अधिकारियों द्वारा स्थल पर लेआउट तैयार कर शुक्रवार को ही निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया गया। इस संबंध में कार्यदायी संस्था के अभियंता द्वारा बताया गया कि मात्र लगभग 3 महीने के अल्पकाल में ही आंवला पैक हाउस को मूर्त रूप देने की कार्य योजना तैयार की गई है, जिसे युद्ध स्तर पर प्रत्येक दशा में पूर्ण कर किसानों को तथा समूह की महिलाओं को आंवला से संबंधित परियोजनाओं के संचालन हेतु समर्पित कर दिया जाएगा।



पुलिस अधीक्षक को सम्मानित करते पुलिस कर्मी।

# एसपी ने सुल्तानपुर पुलिस चौकी व चेक पोस्ट का किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने रानीगंज कोतवाली के गाज़ीबाग में सुल्तानपुर पुलिस चौकी व पुलिस चेक पोस्ट का उद्घाटन किया। बता दें कि एसपी अपराधिक घटनाओं को लगाम लगाने के लिए जनपद में कई थानों और पुलिस चैकी व चेक पोस्ट का उद्घाटन कर चुके हैं। एसपी सतपाल अंतिल के नेतृत्व में जनपद में 4 थानों और 46 पुलिस चैकी व 146 चेक पोस्ट का निर्माण कराया गया है। वही पूर्व विधायक धीरज ओझा ने एसपी सतपाल अंतिल को जनपद को अपराध मुक्त बनाने पर बधाई दी। उद्घाटन के मौके पर पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्व विधायक राम शिरोमणि शुक्ला, एसडीएम और सीओ रानीगंज, एडवोकेट अजय उपाध्याय समेत एरिया के सामाजिक व्यक्ति मौजूद थे।

# तीन वर्षीय मासूम को करंट लगाकर जान से मारने का प्रयास

### विरोध पर घर में घुसकर पीटने व तोड़फोड़ करने का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के सुखऊ दुबौली गांव में तीन वर्षीय मासूम बच्ची खेलते-खेलते पड़ोसी के घर में चली गई। आरोप है कि इस दौरान रंजिशन पड़ोसियों द्वारा मासूम को करंट लगा कर जान से मारने का प्रयास किया गया। मामले की नामजद शिकायत पीड़ित ने पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

गांव की रहने वाली शिवानी पत्नी संदीप कुमार का आरोप है कि उसकी तीन वर्षीय बेटी जानवी बृहस्पतिवार की शाम करीब पांच बजे के आस-पास पड़ोसी के घर में खेलते-खेलते चली गई। आरोप है कि इस दौरान पड़ोसियों ने उसे जान से मारने की नीयत से बिजली का करंट लगा दिया जिससे उसके हाथ की उंगलियां जल गई। मासूम के चिल्लाने पर जब उसकी मां पड़ोसियों के घर में पहुंची और अपनी बेटी को लेकर अपने घर आई तो पड़ोसियों ने उसे घर में भी घुसकर जमकर मारा-पीटा और उसके घर के भीतर रखे सामान को भी तोड़ दिया। पीड़ित महिला ने मामले की नामजद तहरीर पुलिस को देते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामले में कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच कराई जा रही है घटना सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर बनाया जायेगा लर्निंग कॉर्नर

### नौनिहालों को रोचक तरीके से दी जाएगी शिक्षा, चिन्हित किए गए 555 केंद्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/लालगंज।** को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में प्री-प्राइमरी कक्षाओं में लर्निंग कॉर्नर बनाने की तैयारी में विभाग जुट गया है। जिले में इसके लिए पांच सौ पचपन केंद्रों को चिन्हित किया गया है।इसकी मदद से कक्षाओं में बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाया जाएगा, जिससे नौनिहालों के अंदर पढ़ने और सीखने की ललक को पैदा किया जा सके।

कक्षा में चार लर्निंग कॉर्नर बनाए जायेंगे। इसमें रीडिंग, आर्ट,ब्लॉक व परफार्मेंस कॉर्नर बनाए जाएंगे। प्राथमिक शिक्षा में सुधार हो इस लिए यह व्यवस्था बनाई गई है। जिले के 555 आंगनबाड़ी केंद्रों में प्री-प्राइमरी कक्षाओं में लर्निंग कार्नर (सीखने का कोना) बनाने की तैयारी में विभाग जुट गया है। शासन से इसके लिए बजट भी जारी किया गया है। लर्निंग कॉर्नर पर नौनिहालों को सीखने के लिए गतिविधि आधारित शिक्षण व्यवस्था होगी।

इसमें उन्हें नंबर गेम, बिग बुक, चित्रों के माध्यम से शब्द व फल व जानवरों के विषय में समझाया जायेगा। इसके अलावा कार्नर में ग्लू स्टिक, पेपर, ग्लेस पेपर, प्लास्टिक के फल, एनिमल, आइसक्रीम स्टिक, टूथ ब्रश, आर्ट शीट, प्लास्टिक के पौधे की व्यवस्था होगी। बच्चों की रुचि बनाए रखने के लिए समय-समय पर लर्निंग कॉर्नर की सामग्री को बदला भी जायेगा। इसके संचालन हेतु पांच सदस्यों वाली एक समिति का भी गठन किया जाएगा। इसके लिए राज्य परियोजना द्वारा 8110 रुपये प्रति केंद्र का बजट आया हुआ है। यह धनराशि विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में जाएगी। लगभग 45 लाख एक हजार पच्चास रुपए की लागत से लर्निंग कॉर्नर को तैयार किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी के मुताबिक 555 आंगनबाड़ी केंद्रों पर लर्निंग कार्नर बनाए जाएंगे। इससे बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी।

# तीन प्रतिष्ठान पर एक साथ सेल टैक्स विभाग की चल रही छापेमारी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा क्षेत्र के ढकवा बाजार में सेल टैक्स विभाग की छापेमारी की कार्रवाई चल रही है। जिससे दुकानदारों में अफरा तफरी मची रही। ढकवा बाजार में राम यज्ञ बरनवाल आयरन स्टोर की दुकान है उनके कुल तीन प्रतिष्ठान बाजार में है। शुक्रवार की दोपहर एक बजे आस-पास सेल टैक्स विभाग की टीम पहुंची और तीनों प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की कार्रवाई शुरू कर दी। सेल टैक्स विभाग की कार्रवाई से बाजार की दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई। कई दुकानदार अपनी दुकान बंद करके बाजार से गायब हो गए। इस दौरान छापे की कार्रवाई कर रहे अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कहा की कार्रवाई पूर्ण कर विस्तृत जानकारी उपलब्ध करा दी जाएगी।

# प्रधान पुत्र और लेखपाल में तनातनी दोनों पक्षों ने थाने पर दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा ग्राम सभा के ग्राम प्रधान पुत्र और लेखपाल के बीच तनातनी हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। लेखपाल की तरफ से दिए गए प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आसपुर देवसरा ग्राम सभा के ग्राम प्रधान पुत्र दीपक सिंह पर हल्का लेखपाल विपिन यादव ने आरोप लगाया कि बीती रात नौ बजे उन्हें फोन पर गालियां दी गई और धमकी दी गई। उनसे जबरन गलत रिपोर्ट लगवाने की बात को लेकर यह विवाद हुआ। वही लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जबकि दूसरी तरफ दीपक सिंह ने भी लेखपाल के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। घटना की जानकारी होने पर कई लेखपाल व कई ग्राम प्रधान आसपुर देवसरा थाने पर पहुंच गए। थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि लेखपाल की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रधान पुत्र ने भी प्रार्थना पत्र दिया है जांच की जा रही है।

# एसपी ने कई उप निरीक्षकों का किया स्थानांतरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा कई निरीक्षक/उ0नि0 नागरिक पुलिस का स्थानान्तरण तात्कालिक प्रभाव से उनके नाम के सम्मुख अंकित स्थान पर किया जाता है। निरी0 ना0पु0 आलोक कुमार प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना से प्रभारी निरीक्षक थाना पट्टी, निरी0 ना0पु0 सुभाष कुमार यादव प्रभारी मानिटरिंग सेल से प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना, निरी0 ना0पु0 प्रेम प्रकाश सिंह पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से अति0निरी0 थाना संग्रामगढ़, निरी0 ना0पु0 गिरेन्द्र पाल सिंह पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से अति0निरी0 थाना फतनपुर, निरी0 ना0पु0 चन्द्रभूषण यादव पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से अति0निरी0 थाना लालगंज, निरी0 ना0पु0 परमात्मा तिवारी पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से अति0निरी0 थाना महेशगंज, निरी0 ना0पु0 कृष्ण प्रताप सिंह पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से अति0निरी0 थाना पट्टी, निरी0 ना0पु0 इबरार अंसारी थाना मान्धाता से क्राइम ब्रान्च, उ0नि0 ना0पु0 राजेश कुमार यादव पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से थाना कंधई व उ0नि0 ना0पु0 अवधेश कुमार शर्मा पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से थाना महेशगंज भेजे गये।

# नवनियुक्त प्रदेश सचिव मो0 हुजैफ का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**अखंड भारत संदेश**



प्रदेश सचिव मो0 हुजैफ का स्वागत करते कांग्रेसी।

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा भवन में एक स्वागत समारोह आयोजित किया गया। बता दें कि कांग्रेस नेता मो0 हुज़ैफ खान को युवा कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व द्वारा उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है जिसके स्वागत हेतु आज जनपद के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मो हुजैफ खान को माला पहनाकर, लड्डू खिलाकर बधाई एवम शुभकामना दी गई। उसके उपरान्त एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी एवम संचालन यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने किया। मो0 हुजैफ खान् को यूथ कांग्रेस उत्तर प्रदेश (पूर्वी) का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। उनके चयन से जनपद के युवाओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि मो हुजैफ खान के चयन से जनपद प्रतापगढ़ के युवा कांग्रेस को मजबूती मिलेगी।

नवनियुक्त प्रदेश सचिव मो.हुजैफ़ खान ने शीर्ष नेतृत्व के साथ साथ अपने नेता प्रमोद तिवारी एवम सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा मोना का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरूंगा और जिस भी जिले की जिम्मेवारी मिलेगी उस जनपद में यूथ कांग्रेस को मजबूत करने के लिए तन मन धन से मेहनत करूगा। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष इरफान अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ वी.के. सिंह, पी.सी.सी सदस्य डॉ.प्रशान्त देव शुक्ला, पीसीसी सदस्य रोहित कुमार शुक्ला, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, कार्यालय प्रभारी एवं कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव सद्दाम अमो.ताबिश अहमद, विश्वास सिंह, अवध राज यादव उपस्तिथ रहे।

# भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे कांशीरामः एसपी पटेल

### सपाईयों ने माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**



कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण करते पदाधिकारी।

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर सामाजिक परिवर्तन के महानायक, दलितों, शोषितों एवं वंचितों के मसीहा मान्यवर कांशीराम की जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम उनकी स्मृति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर नमन किया गया।

तत्पश्चात् गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल ने कहा कि कांशीराम भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने भारतीय वर्ण व्यवस्था में बहुजनों के राजनीतिक एकीकरण तथा उत्थान के लिए कार्य किया। इसके अन्त में उन्होंने दलित शोषित संघर्ष समिति अखिल भारतीय पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदायों कर्मचारी महासंघ (बामसेफ) और 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की। इस अवसर पर जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, गुलफाम खान, वासिक खान, शिवकुमार कोरी, मनीष पाल, सुरेश गौतम, अश्वनी सोनी, शिवमंगल गौतम, राजेंद्र यादव, सुरेश यादव, साजिद अली, शांति सिंह, जगदीश यादव, सुनील यादव, विपिन सरोज, उदय सरोज, लक्ष्मी रमन पासी, कमलेश सरोज, विनोद यादव, अशोक पासी, बौद्धाचार्य प्रेमनाथ, अजीत पटेल, मोहन लाल यादव, प्रकाश विश्वकर्मा, चंद्रजीत प्रसाद, भारत लाल, राजेश पासी, जगन्नाथ सरोज, मोहम्मद अजहर, सनी कुमार गौतम, अशोक पासी, संजीव कुमार यादव, महेश मौर्या, शिव शंकर सरोज सहित अन्य नजन उपस्थित रहे।

# भवंस मेहता महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**प्राचार्य ने कहा प्रबंधक के कुशल मार्ग निर्देशन में महाविद्यालय बहुत तेजी से प्रगति कर रहा है**

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में 15 मार्च को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 2023 24 का आयोजन किया गया। इस आयोजन के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. मान सिंह यादव ,सदस्य , विधान परिषद ,उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक संदीप सक्सेना और डॉ कृष्ण स्वरूप आनंदी ,पूर्व विभागाध्यक्ष ,गणित विभाग ,आई ई आर टी , प्रयागराज रहे। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत नृत्य, नृत्य नाटिका की प्रस्तुति द्वारा उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। महाविद्यालय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि , विशिष्ट अतिथि एवं प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।





महाविद्यालय के खेल कूद प्रभारी डॉ. योगेश मिश्र ने महाविद्यालय में निमार्णाधीन खेल कूद मैदान की चर्चा की । इस निमार्णाधीन खेल कूद मैदान के पूर्ण स्वरूप ग्रहण करने हेतु सबसे सहयोग की अपेक्षा डॉ योगेश मिश्र ने की। इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर मानसिंह यादव सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश में बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि शिक्षा ही वह हथियार है जो हमें जीवन समर में लड़ने को संबल प्रदान करता है विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक संदीप सक्सेना ने महाविद्यालय के प्राचार्य को बधाई दिया और उन्होंने कहा कि उनके कुशल मार्ग निर्देशन में महाविद्यालय बहुत तेजी से प्रगति कर रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ कृष्ण स्वरूप आनंदी ने इस महाविद्यालय के गौरवमय अतीत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महाविद्यालय इस क्षेत्र का गौरव प्रतीक है। उन्होंने इसके उत्तरोत्तर विकास की मंगल कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो प्रबोध श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं से विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में सम्मिलित होने की अपेक्षा की तथा आशा किया कि महाविद्यालय दिन प्रतिदिन विकास के पथ पर अग्रसर होगा। पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन प्रोफेसर विवेक कुमार त्रिपाठी ने किया आज ही महाविद्यालय में आयोजित हो रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का समापन समारोह भी संपन्न हुआ। महाविद्यालय इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रभारी प्रोफेसर सतीश चंद्र तिवारी ने किया।

## न्यूज झरोखा

### स्मार्टफोन मिलते ही छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे




**चायल, कौशाम्बी।** पति सिंह लॉ कॉलेज गुंगवा के बाग चायल कौशाम्बी में शुक्रवार को स्मार्टफोन वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्मार्ट फोन बांटे गए। स्मार्टफोन पाकर सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। उत्तर प्रदेश शासन की तरफ से स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण मार्ट फोन योजना के अंतर्गत शुक्रवार को स्मार्ट फोन वितरण के दौरान कालेज प्रबंधक ने कहा कि मुख्यमंत्री का सपना है कि उत्तर प्रदेश का युवा समग्र रूप से सक्षम हों। आज के इस कनीकी युग में प्रदेश में वितरित कए जा रहे स्मार्टफोन से युवा अपनी पढ़ाई व रोजगार को आगे बढ़ाने में सफल होंगे। स्मार्टफोन तकनीकी शिक्षा के लिए बहुत जरूरी हो गया है। छात्रों के लिए स्मार्टफोन तकनीकी सशक्तिकरण, सरकारी योजनाओं को जानने में सहायक होगा इस दौरान छात्र, निरंजन कुमार,प्रबल सिंह, किशन कुशवाहा,अमीर अंसारी,मोहम्मद फरहान, अब्दुल करीम कौशल, नितेश दूबे, नियाज अहमद, आशीष केशरवानी,अफताब आलम, दिग्विजय कुशवाहा, मनीष कुमार राय,विजय सिंह,आदित्य शुक्ला अंकुर पांडेय आदि उपस्थित रहे।

### मोटर साइकिल की टक्कर से युवक गम्भीर



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के सिरियावां कला गांव का सीतम पुत्र स्व अब्दुल रहीम मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का गुजर बसर करता है। युवक भरवारी- मनौरी मार्ग के किनारे अपनी जमीन पर एक हफ्ते पूर्व से निर्माण कार्य करवा रहा है। शुक्रवार को लगभग शाम 4 बजे अपने अर्धनिर्मित मकान के मार्ग के किनारे फोन से बात कर रहा था। उसी समय बेरूआ चौराहा की तरफ से मोटर साइकिल चालक ने पीछे से जोर दार टक्कर मारा जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया है। खून से लथपथ होकर मार्ग के किनारे घायल अवस्था में तड़पता रहा। राहगीरों व निर्माण कार्य कर रहे मजदूरों ने आनन-फानन परिजनों को सूचना दिए। मौके पर परिजनों ने पहुंच कर घायल युवक को निजी संसाधन से भरवारी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक को गम्भीर चोटें आने पर डाक्टरों ने प्रयागराज रिफर कर दिया है। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### रेल लाइन पार कर रही वृद्धा की ट्रेन हादसे में मौत




**कौशाम्बी** जनपद के संदीपन घाट थानांतर्गत अमनी लोकीपुर के समीप रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की टक्कर लग जाने से एक महिला की मौत हो गई सूचना पाकर मौके पर परिवार के साथ गांव के लोग पहुंच गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंचे पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक अमनी लोकीपुर गांव की शांति देवी उम्र लगभग 70 वर्ष पत्नी स्व.शिवप्रसाद शुक्रवार को रेल लाइन पार कर रही थी इसी बीच वह ट्रेन की चपेट में आ गई की ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जानकारी मिलने पर परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बकरी चोरी कर भाग रहे बाइक सवार को पुलिस ने पकड़ा

**हर्रायपुर कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के हर्रायपुर चौकी अंतर्गत हर्रायपुर चौराहा पर रात में लगी 112 नम्बर पुलिस हेड कॉन्स्टेबल विजय शंकर पांडेय व होम गार्ड करुणा शंकर पांडेय पिआरवी नम्बर 3648 द्वारा हर्रायपुर से पीछा करते हुए बलिहावा बजाज धर्म कांटा पास बकरी चोर को पकड़ लिया चोर के पास से एक बकरी व एक बाइक पल्सर ४स्त्र७३८ 1793 काली व एक साइकल व मोबाइल फोन बरामद करते हुए संदीपन घाट पुलिस को सुपर्द कर दिया है

### 15 लीटर अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी** थाना सैनी पुलिस उप निरीक्षक आलोक राज मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त दिनेश कुमार यादव पुत्र हरिश्चंद्र निवासी पथरावां सैनी थाना जनपद कौशांबी को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय किया गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी** जनपद में चलाए जा रहे यातायात से संबंधित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों की विरुद्ध सधन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया /चार पहिया वाहनों को चेक किया गया यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 129 वाहनों का ई-चालान किया गया

### मारपीट व धमकी देने वाले अभियुक्त को अर्थदंड की सजा

**कौशांबी** थाना सैनी पर पंजीकृत मु0अ0स0 269ए/95 धारा 323/504/506 भादवि से संबंधित अभियुक्त सुलोक पुत्र राजाराम निवासी धाता रोड सिराथू थाना सैनी जनपद कौशांबी को माननीय न्यायालय सीजेएम जनपद कौशांबी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को 2500 के अर्थ दंड से दंडित किया गया अर्थ डंड ना अदा करने पर 30 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई

### दुर्घटना कारित करने वाला अभियुक्त अर्थदंड से दंडित

**कौशांबी** थाना कोखराज पर पंजीकृत मु0अ0स0 655/17 धारा 279/337/338 भादवि से संबंधित अभियुक्त गोविंद नारायण पुत्र फूलचंद निवासी ग्राम दरवेशपुर थाना कोखराज जनपद कौशांबी को न्यायालय सीजेएम जनपद कौशांबी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी करते हुए मानिरेटिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को 2500 के अर्थ दंड से दंडित किया गया अर्थ दंड न अदा करने पर 30 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई।

# बाल एवं महिला अपराध आधारित विधिक शिक्षा कार्यक्रम का हुआ आयोजन







**महेश्वरी प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज अलामचंद में विधि विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा नुक्कड़ नाटक "सुनो सुनो क्या हुआ भव्य आयोजन**

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लॉक अंतर्गत माहेश्वरी प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज आलमचंद में दिनांक 15 मार्च को इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के विधि संकाय के हेड ऑफ डिपामेंट डॉक्टर आर के चौबे तथा प्रोफेसर व छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा मतदाता जागरूकता, तथा चलो चलो कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र/छात्राओं को उनके अधिकार व समाज में हो रहे हैं उनके ऊपर हो रहे उत्पीड़न, शिक्षा, समाज में फैली हुई है अनेक प्रकार की बुराइयों के प्रति जागरूक किया गया, व कानून संबंधी बातें बताई गई तथा महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षा कौशांबी, प्रधानाचार्य जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव तथा डॉक्टर आर के चौबे के नेतृत्व में इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के 23 छात्र/ छात्राओं ने प्रतिभाग किया व अनेक प्रोफेसर ,ग्रामीण क्षेत्र के लोग व विद्यालय के शिक्षक/ शिक्षिकाएं तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस का बर्खास्त सिपाही था मास्टर माइंड एसटीएफ के सामने किया सरेंडर, एक अन्य साथी भी गिरफ्तार



**उत्तर प्रदेश पुलिस पेपर लीक मामला**

**कौशाम्बी।** जिले में यूपी पुलिस पेपर लीक मामले में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस ने की थी,वही मुख्य आरोपी अरुण कुमार सिंह फरार हो गया था,आरोपी अरुण कुमार सिंह यूपी पुलिस का 2011 बीच का बर्खास्त सिपाही है। यूपी पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले का मुख्य आरोपी बर्खास्त सिपाही अरुण कुमार सिंह ने यूपी एसटीएफ के सामने खुद को सरेंडर कर दिया है। यूपी एसटीएफ ने मंझनपुर कोतवाली पुलिस को आरोपी को सौंप दिया है।पुलिस मामले की लिखापढ़ी कर पूछताछ की। पूछताछ में पुलिस को आरोपी अरुण सिंह ने अपने अन्य साथी सौरभ शुक्ला का नाम बताया है,जिसे पुलिस ने प्रतापगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है,पुलिस ने लिखापढ़ी कर दोनो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

## 20 मिनट में चोरों ने पार कर दी बाइक, पीड़ित ने पुलिस को दी सूचना

**अझुवा कौशांबी** सिराथू कस्बे के रेलवे स्टेशन के पास से एक बार फिर बाइक चोरी हो गई। चोरों ने दारानगर निवासी एक व्यक्ति की बाइक को महज 20 मिनट के अंतराल में ही गायब कर दिया। चक कदिरा दारानगर निवासी शनि कुशवाहा ने बताया कि वह बीती रात्रि 10.30 बजे रेलवे स्टेशन सिराथू पडोसी छोटे लाल पुत्र गुरुचरण की मोटरसाइकिल लेकर अपने पिता निरंजन लाल को दिल्ली जाने वाली ट्रेन में बिठाने आया था मोटरसाइकिल स्टेशन गेट के सीढ़ियों के पास खडाकर पिता निरंजन लाल को स्टेशन के अंदर छोड़ने चला गया 20 मिनट बाद वापस आया तो मोटरसाइकिल गायब थी पीड़ित ने इधर उधर देखा लेकिन कहीं कुछ दिखाई नहीं दिया पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है सिराथू कस्बा चोरों के लिए आसान जगह बनता जा रहा है। इससे पूर्व भी कस्बे से कई बाइक चोरी जा चुकी हैं ।पुलिस गस्त के नाम पर केवल सेल्फी फोटो खींचकर उच्चाधिकारियों को भेज कर गुमराह कर रही है।

### चोरी के भैंस व बकरी के 03 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों को विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपन घाट पुलिस उप निरीक्षक शिवनाथ सिंह यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त /वाहन चेकिंग के दौरान ग्रामीणों की सूचना पर 03 नफर अभियुक्तों को ग्राम मलाक नगर से चोरी की 01 राशि भैंस व 01 राशि बकरी के साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 68/24 धारा 379/411 भादवि से संबंधित पंजीकृत किया गया बिधिक कार्रवाई के पश्चात अभियुक्तों को माननीय न्यायालय भेजा गया गिरफ्तार अभियुक्त विकास कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी कमासिन पहाड़पुर थाना सैनी जनपद कौशांबी शिव बालक पुत्र भगवत प्रसाद निवासी रामलीला मैदान चरवा थाना चरवा जनपद कौशांबी उमेश कुमार पुत्र दूजे लाल निवासी सैंता थाना संदीपन घाट जनपद कौशांबी बरामदगी एक राशि भैंस व एक राशि बकरी कीमत लगभग 65000 रुपए है।

### आशुलिपिक, पेशकार एवं चपरासी के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमन्त्रित

**कौशाम्बी।** स्थायी लोक अदालत, कौशाम्बी में आशुलिपिक के एक पद, पेशकार के एक पद एवं चपरासी के लिए एक पद, कुल 03 पदों पर, जो कि जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के सेवा निवृत्त कर्मियों में से हों, उनको अधिकतम 02 वर्ष की अवधि के लिए एक निर्धारित मानदेय क्रमशः रू0-9000, 9000 एवं 7000 प्रतिमाह एवं अनुबन्ध के आधार पर नियुक्ति की जानी हैं। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री देवेश चन्द्र गुप्ता ने देते हुए बताया कि अभ्यर्थी की आयु 65 वर्ष से कम होनी चाहिए, आवेदक अभ्यर्थी का कोई भी आपराधिक इतिहास नहीं होना चाहिए एवं उनके विरूद्ध कोई अनैतिक आचरण का आरोप भी नहीं होना चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय कौशाम्बी के कार्यालय में 28 मार्च की सायं 05 बजे तक अपना आवेदन जमा कर सकतें हैं।



# गर्भवती महिलाओं की गोंदभराई एवं बच्चों को कराया गया अन्नप्राशन

**कौशाम्बी।** पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत आज विकास भवन स्थित सरस हाल में श्रीमती विनीता त्रिवेदी की उपस्थिति में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में श्रीमती विनीता त्रिवेदी द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को पोषण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने 05 गर्भवती महिलाओं की गोंद भराई एवं 03 बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया। कार्यक्रम की थीम पोषण भी पढ़ाई भी, पारंपरिक व स्थानीय आहार प्रथाओं पर केंद्रित किया जानाह्व सम्मिलित हैं इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश गुप्ता, बाल विकास परियोजना अधिकारी मूरतगंज, मुख्य सेविकाएं, कार्यालय स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं गर्भवती धात्री महिलाएं उपस्थित रहीं।

# समर्थ किसान पार्टी की गांव गांव हुई मासिक बैठक

**जातिवाद से नही होगा किसानो का भला, किसानवाद की विचारधारा से जुड़ें किसान भाई, बने कट्टर किसानवादी : अजय सोनी**




**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे शुक्रवार 15 मार्च को जनपद के आठों ब्लाकों के गांव गांव में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। मासिक बैठक में गांव गांव के पार्टी से जुड़े तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान, गरीब, नवजवान, मजदूर, महिलाए शामिल हुई। मासिक बैठक में पार्टी की मजबूती और गांव गांव पार्टी के संगठन के कार्यों को लेकर लोगों की चचार्ये हुई। साथ ही प्रत्येक माह के 15 तारीख को जनपद के आठों ब्लॉक के गांव गांव में मासिक बैठक करने का निर्णय लिया गया। शुक्रवार 15 मार्च को समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे कौशांबी जनपद के आठों ब्लाकों के 100 से अधिक गांवो मे पार्टी की मासिक बैठक हुई। ग्राम उदहिन खुर्द, उदहिन बुजुर्ग, कलुआपुर, बडनपुर घाटमपुर, फत्तेपुरपुर बेला, महंदापुर, भैला मकदूमपुर, महुआखाडा, बथुई फादिलाबाद, मनौरी, पूरब पश्चिम शरीरा, बरई सराय, सुदीन का पुरवा आदि करीब सौ से अधिक गांवों में पार्टी की मासिक बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रत्येक माह की 15 तारीख को समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे गांव स्तर पर मासिक बैठक किए जाने का निर्णय लिया गया। सिराथू ब्लॉक के ग्राम बडनपुर घाटमपुर में 15 मार्च को सकिपा की हुई मासिक बैठक में पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि आज इतने अधिक गांवों में समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे एक साथ मासिक बैठक का आयोजन किया जाना निश्चित रूप से पार्टी के लिए सौभाग्य की बात है। इससे पता चलता है कि पार्टी ने जिले के गांव गांव में जड़ जमा लिया है और पार्टी का भविष्य उज्जवल है। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि जातिवाद से किसानो का भला नहीं होगा। किसान भाई किसानवाद की विचारधारा से जुड़े और कट्टर किसानवादी बने तभी किसान भाइयों का कल्याण होगा। जिले के कई गांवों में हुई मासिक बैठक में अजग सोनी के साथ प्रेमचंद्र केसरवानी, मनोज सोनी, जवाहर लाल दिवाकर, ज्ञानदत्त सिंह पटेल, मुन्ना पटेल, विजय पटेल, ज्ञान केसरवानी, रामबली दिवाकर राम स्वरूप यादव रोहित सोनी, डॉ अमित सोनी, पीताम्बर लाल लोधी, बहादुर लोधी, मानबाबू सोनकर, रंजीत सरोज, एडवोकेट जया त्रिपाठी, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

### चोरी के 02 अभियुक्तों को जेल में बितायी गई अवधि वा अर्थ डंड से दंडित किया गया

**कौशांबी** थाना महेवा घाट पर पंजीकृत मु0अ0स0 13/2015 धारा 379/411/504/506 भादवि से संबंधित अभियुक्त राम सुंदर उर्फ भैरव पुत्र रामानंद त्रिपाठी निवासी अलवारा थाना महेवा घाट जनपद कौशांबी को न्यायालय सीजेएम जनपद कौशांबी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी करते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि एवं ?2500 के अर्थ दंड से दंडित किया गया इसी क्रम में थाना कड़ा धाम पर पंजीकृत मु.अ.स. 162/22 धारा 457/ 448/ 504/ 506 भादवि से संबंधित अभियुक्त अरविंद उर्फ पिंटू पुत्र गंगा प्रसाद निवासी म्योहरा थाना कड़ा धाम जनपद कौशांबी को माननीय न्यायालय सीजेएम जनपद कौशांबी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी करते हुए मानिरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि एवं रुपए 4000 के अर्थडण्ड से डण्डित किया गया अर्थडण्ड ना आधा करने पर 05 के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई।

# पांच दिवसीय स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण शिविर हुआ संपन्न



**कौशाम्बी।** टीआरएस कालेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी /राम सजीवन सिंह पी जी कॉलेज जयंतीपुर जनपद कौशांबी में स्काउट और गाइड का पांच दिवसीय बी.एड. /डी एल एड छात्राध्यापक /छात्रा अध्यापिकाओ का स्पेशल इंट्रोडक्टरी कोर्स का प्रशिक्षण शिविर आज दिनांक 15 मार्च 2024 को संपन्न हुआ। इस समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ रविंद्र सिंह प्रबंधक टी आर एस कालेज ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नालॉजी विशिष्ट अतिथि के रूप प्राचार्य डॉ जितेंद्र सिंह रहे ,जिला संगठन कमिश्नर श्याम बाबू यादव ने मुख्य अतिथि को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ रविंद्र सिंह ने कहा स्काउट गाइड एक ऐसी शिक्षा है जो बच्चों को शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास करता है, इसी के साथ स्काउट गाइड द्वारा लगाए गए तंबू और बिना बर्तन का बनाए गए भोजन का अवलोकन करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से कार्यकुशलता एवं व्यक्तित्व का विकास होता है, एक साथ मिलकर कार्य करने की भावना जागृत होता है साथ ही साथ प्राचार्य डॉ जितेंद्र सिंह ने बताया यह प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं में परिस्थिति के अनुसार कार्य करने की कला विकसित करेगा तथा समाज सेवा एवं सामूहिकता की भावना पैदा करेगा जिला मुख्यालय से आए प्रशिक्षक शिविर संचालक जिला संगठन कमिश्नर श्याम बाबू यादव एवं स्नेहा ने प्रतिभागियों को टेंट, गेट, गैजेट, खुले आसमान के नीचे बिना बर्तन के भोजन बनाना, गांठे,बंधन, आदि की जानकारी एवं समस्त छात्रध्यापक/ छात्रा अध्यापिकाओ द्वारा संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया अंत में ध्वज अवतरण कर और राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया इस अवसर पर प्रवक्ता डॉ अजीत यादव, अनुराधा राय, उमाकांत भार्गव, विवेक सिंह, प्रदीप कुशवाहा, संजीव कुमार, शत्रुघन सिंह, संदीप सिंह, राकेश साहू, कुलदीप सिंह, दिलीप चंद ,अनिल पाल, रोहित मिश्रा, श्याम सुंदर यादव, अरविंद कुमार आदि उपस्थित रहे साथ ही साथ सभी छात्र-छात्राएं उत्साह एवं उल्लास के साथ प्रशिक्षण में भाग लिए।

## संपादक की कलम से

### आंदोलनों और यात्रा के बीच चुनाव का इंतजार

देश इस समय अनेक तरह के आंदोलन सड़कों पर देख रहा है। इनमें प्रमुख हैं किसानों का आंदोलन और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की बजाय बैलेट पेपर पद्धति से चुनाव कराने की मांग को लेकर होने वाला आंदोलन, जिनमें ज्यादातर वरिष्ठ वकील एवं सिविल सोसायटियां शामिल हैं। दूसरी तरफ राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' अपने समापन की ओर है। वहीं इस समय बड़ी गहमागहमी सुप्रीम कोर्ट के परिसर में भी है जहां इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को न्यायपालिका के सामने झुकना पड़ा।

चुनावी चंदे के रूप में करोड़ों रुपये एकत्र करने वाली नरेन्द्र मोदी की केन्द्र सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी को बचाने की कोशिशों में नाकाम एसबीआई ने आखिरकार केन्द्रीय निर्वाचन आयोग को वह सूची सौंप दी जिसमें बतलाया गया है कि किन 22 हजार से ज्यादा लोगों ने किन दलों को चंदा दिया है। यह सूची आयोग को शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर डालनी है। इसी दिन निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति समेत सम्बन्धित अधिनियम को चुनौती देने वाली एक याचिका पर भी सुप्रीम कोर्ट को उसी दिन सुनवाई करनी है। हालांकि आनन-फानन में केन्द्र सरकार ने दो नये आयुक्तों की नियुक्तियां कर दी हैं।

जो भी हो, साफ है कि अब जब कभी भी आम चुनावों की घोषणा हो सकती है, भाजपा कई-कई मुसीबतों के साथ उसका सामना करेगी। आंदोलनों की बात करें तो जो दो प्रमुख आंदोलन सामने हैं, उनमें पहला तो है किसानों का आंदोलन जो अब शम्भू बॉर्डर पार करता हुआ देश की राजधानी दिल्ली तक आ पहुंचा है। कृषि उत्पादों पर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप न्यूनतम समर्थन मूल्य (सी2 प्लस 50 प्रतिशत का फामूर्ला) की मांग को लेकर बुधवार को देश भर के किसान संगठनों ने दिल्ली के जवाहर भवन में बैठक की।

इन किसानों की प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं- किसानों की कर्ज माफी, मनरेगा के अंतर्गत मजदूरों को 700 रुपये प्रति दिन के हिसाब से 200 दिनों का काम, जमीन अधिकरण कानून, 2013 के तहत भू अधिग्रहण का फामूर्ला तय करना, वन संरक्षण अधिनियम, 2023 को रद्द करना आदि। तय किया गया कि 23 मार्च को देश भर में इन मांगों को लेकर किसान देशव्यापी आंदोलन करेंगे। इसके साथ ही किसान ईवीएम हटाने की भी मांग कर रहे हैं। यही मांग लेकर वकीलों एवं स्वयंसेवी संगठन पहले से ही आंदोलनरत हैं। साफ है कि ऐन चुनाव के पहले इन मांगों को लेकर होने वाले आंदोलनों से भाजपा का परेशान होना लाजिमी है क्योंकि इससे उसके खिलाफ व्यापक जनमत बन रहा है।

किसानों ने 2020-21 में इसे लेकर बड़ा आंदोलन छेड़ा गया था जिसके कारण सरकार को वे तीन कृषि कानून वापस लेने पड़े थे जिनके जरिये मंडी व्यवस्था को पूरी तरह से ध्वस्त कर देश का कृषि व्यवसाय निजी हाथों में सौंपने की तैयारी मोदी सरकार ने कर रखी थी। आंदोलन वापसी के समय सरकार ने जो आश्वासन किसानों को दिये थे, उन पर अब तक अमल न होने पर किसानों ने 12 फरवरी से यह आंदोलन पुनः शुरू किया है। इस आंदोलन को दबाने के लिये सरकार ने वे सारे उपाय किये, जो उसने पहले वाले आंदोलन के दौरान किये थे। किसान व ईवीएम विरोधी आंदोलन जिस प्रकार से बड़ा रूप ले रहे हैं, उससे भाजपा विरोधी वातावरण बन रहा है।

उधर राहुल गांधी की जो यात्रा 20 मार्च को खत्म हो रही थी, उसे चुनावों के सम्भावित ऐलान के मद्देनजर 16 मार्च को खत्म किया जा रहा है। यात्रा अंतिम राज्य यानी महाराष्ट्र में है। इस पूरी यात्रा के दौरान गुजरात समेत सारे राज्यों की तरह महाराष्ट्र में भी उसे शानदार प्रतिसाद मिला है। नन्दुरबार, धुले, नासिक, मालेगांव आदि स्थानों में हुई राहुल की यात्रा व सभाओं में लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। यात्रा की खासियत यह रही कि राहुल ने खुद की व कांग्रेस की प्रतिबद्धता किसानों के हित के प्रति जतलाई। साथ ही, महिलाओं के लिये 5 सूत्रीय विशेष वादे लोगों को अपील कर सकते हैं। इनमें प्रमुख है हर गरीब महिला को प्रति वर्ष एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करना। यह कांग्रेस के काडर पर निर्भर होगा कि वह इन गारंटियों को लोगों तक पहुंचाये। यह घोषणा प्रकारान्तर से पूरे इंडिया गठबन्धन को भी फायदा पहुंचा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट में जहां एक तरफ चुनावी बॉन्ड्स को लेकर लोगों में यह संदेश गया है कि भ्रष्टाचार करने के बड़े वादे कर सत्ता में आने वाली मोदी सरकार खुद ही आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। जिस प्रकार से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के वकील हरीश साल्वे के माध्यम से पहले सरकार ने दानदाताओं की सूची तैयार करने के लिये चार माह का समय मांगा और कई तरह के बहाने बनाये उससे जनता को यह बात समझ में आ गई है इस मामले में भाजपा व सरकार के हाथ साफ नहीं है क्योंकि यह जानकारी पहले से ही सबके सामने आ चुकी थी कि चंदे का बड़ा हिस्सा भाजपा को ही मिला है। यह राशि इकट्ठी करने में सरकारी जांच एजेंसियों (ईडी, सीबीआई व आयकर) का भरपूर दुरुपयोग किया गया है। ऐसे ही, निर्वाचन आयोग अधिनियम, 2023 में जो प्रावधान किये गये हैं उनके उद्देश्य इस संवैधानिक संस्था को पूरी तरह से सरकार के हाथ की कठपुतली बनाने के हैं। देखना यह होगा कि चुनावी बॉन्ड्स की तरह क्या शीर्ष न्यायालय इन नियमों के अंतर्गत चुनाव कराने के लिये सरकार को रोकेगा, जैसी कि इनके खिलाफ दायर याचिकाओं में मांग की गई है। उम्मीद है कि शुक्रवार निरंकुश बनने की कोशिशों से बेअसर करने वाला दिन बनेगा।

## उम्मीदवारों की घोषणा के बाद टीएमसी को अभियान में शुरूआती बढ़त

– तीर्थंकर मित्र

टीएमसी द्वारा अपने 42 उम्मीदवारों की एकतरफा घोषणा के बाद पश्चिम बंगाल में इंडिया गठबंधन लड़खड़ा गया है। इस राज्य में टीएमसी, भाजपा और वाम-कांग्रेस गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होता दिख रहा है। मूलतः, लड़ाई टीएमसी और भाजपा के बीच होगी, कांग्रेस-वाम गठबंधन सीमांत भूमिका निभा रहा है। फिलहाल, टीएमसी को अभी भी बढ़त हासिल है लेकिन अभी भी दो महीने बाकी हैं

दस्ताने उतर गए हैं और चुनावी पंजे बाहर आ गये हैं। कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन की संभावनाओं को खारिज करते हुए, तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए अपनी पार्टी के सभी 42 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिससे भाजपा, सीपीआई (एम) और कांग्रेस, सभी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त हासिल कर ली गई।

अप्रत्याशित काम करके सुर्खियों में रहने की अपनी आदत के लिए मशहूर बनर्जी ने रविवार को कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में 42 महिलाओं और पुरुषों के साथ रैंपवॉक किया, जिसमें सौगत रॉय और सुदीप बंदोपाध्याय जैसे दिग्गज और यूसुफ पठान और रचना बनर्जी जैसे ग्लैमर शामिल थे। पास ही एक मंच पर उनके भतीजे डायमंड हार्बर लोकसभा सीट के उम्मीदवार अभिषेक बनर्जी ने उन नामों की घोषणा की, जिन पर संभावित उम्मीदवार और उनके समर्थक उत्सुक थे।

दोनों नेताओं के बीच भूमिगत मतभेदों को पाटने का प्रयास स्पष्ट था। यह उम्मीदवार घोषणा रैली का एक अंश था।

सच कहें तो, उम्मीदवारों की सूची की घोषणा ने बनर्जी के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को असंतुलित कर दिया है। यह ऐसे समय में आया है जब विपक्ष संदेशखाली के ताकतवर नेता शेख शाहजहां की जमीन पर कब्जा करने और कुछ स्थानीय महिलाओं के यौन शोषण के आरोप में उसके कुछ गुर्गों के साथ कथित तौर पर संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तारी के बारे में सोचकर अपनी पीठ थपथपा रहा था। कोलकाता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय के इस्तीफे और उनके भाजपा में शामिल होने के बाद की कार्रवाई को लेकर भाजपा नेता उत्साहित थे।

गंगोपाध्याय, जिनका नाम तमलुक में संभावित भाजपा उम्मीदवार के रूप में लिखा जा रहा है, उनका मुकाबला टीएमसी के देबांग्शु भट्टाचार्य से होगा। वाकयुद्ध की आशंका जताई जा रही है क्योंकि पार्टी प्रवक्ता भट्टाचार्य अक्सर टेलीविजन टॉक शो में गंगोपाध्याय के फैसले की तीखी आलोचना करते रहे हैं।

तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों की सूची पर सरसरी नजर डालने से पता चलता है कि यह वास्तव में टीएमसी नेतृत्व के लिए एक विचार-मंथन सत्र था, जिसमें इसे सामने लाने के लिए युवाओं और अनुभव के विवेकपूर्ण संयोजन समय की मांग थी। यदि टीएमसी 90 के दशक के अंत में ममता बनर्जी की कांग्रेस से अलग होने की इच्छा से विकसित हुई, तो 2024 के लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों की सूची पर उनकी स्वीकृति की मुहर है। वरिष्ठों को डेडवुड करार देने के कानाफूसी अभियान को खारिज करते हुए सौगत रॉय, सुदीप बंदोपाध्याय, माला रॉय, कल्याण बंदोपाध्याय और काकली घोष दस्तीदार को उम्मीदवारों की सूची में शामिल किया गया है। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र की उम्मीदवारी बरकरार रखी जहां से वे पिछले साल विजयी हुए थे।

# सीएए रूपी उजालों पर कालिख पोतने का विपक्षी प्रयास

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के लागू होने का बेहूदा, बेतुका एवं उच्छृंखल विरोध कर रहे हैं। वे एवं अन्य विपक्षी दलों के नेता सीएए रूपी उजालों पर कालिख पोतने का प्रयास करते हुए आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव में सवार होकर राजनीति-सागर की यात्रा करना चाहते हैं। ऐसा करते हुए वे न केवल आम जनता को गुमराह कर रहे हैं, बल्कि अराजकता का माहौल निर्मित कर रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में लाखों की संख्या में पाकिस्तान, बांगलादेश और अफगानिस्तान से हिंदू व सिख आने से चोरी, रेप और अपराध की घटनाएं बढ़ने की बात कहकर केजरीवाल ने इन लोगों की भावनाओं को आहत किया हैं। केजरीवाल के बयान भ्रामक, बेबुनियाद एवं विध्वंसात्मक इसलिये है कि सीएए नये आने वाले हिन्दू, सिख, जैन, बौद्ध एवं पारसी लोगों पर लागू ही नहीं होगा, बल्कि देश में वर्ष 2014 एवं उससे पहले आये ऐसे शरणार्थियों को सीएए के अन्तर्गत नागरिकता देने का कानून हैं। अब इससे नये लोगों के आने, बेरोजगारी बढ़ने एवं कानून-व्यवस्था चरमरा के प्रश्न कहां से आ गये? विपक्षी दल इस कानून के सन्दर्भ में कपट और झूठ का सहारा लेकर जिस तरह दुष्प्रचार में जुट गए हैं, वह केवल अप्रत्याशित ही नहीं, खतरनाक भी है। वोट बैंक की बेहद सस्ती, घटिया और गंदी राजनीति के चलते किया जा रहा यह खतरनाक एवं देश तोड़क दुष्प्रचार न केवल लोगों को बरगलाने, बल्कि उकसाने वाला भी है। इस तरह का विरोध समय एवं शक्ति का अपव्यय है तथा बुद्धि का दिवालियापन है। यह लोकतंत्र के मूल्यों को धुंधलाने एवं ध्वस्त करने की कुचेष्ठा है।



सीएए की मूल आत्मा को समझे बिना उसका विरोध करना एवं मोदी सरकार पर कीचड़ उछालना बौखलाहट का द्योतक हैं। केजरीवाल का यह कहना कि सीएए के साथ, भाजपा सरकार ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से बड़ी संख्या में गरीब अल्पसंख्यकों के भारत आने के गेट खोल दिए हैं। यह 1947 से भी बड़ा माइग्रेशन होगा। क्या केजरीवाल ने सीएए का नया कानून पढ़ा है, उसमें कहीं भी ऐसी किसी स्थिति का उल्लेख है? केजरीवाल की ही तर्ज पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यह तो समझ नहीं आया कि नागरिकता कानून वैध है या नहीं, लेकिन उन्होंने यह ठान लिया कि वह बंगाल में उसे लागू नहीं होने देंगी। आखिर वह होती कौन हैं इस कानून को न लागू करने वाली? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि इस कानून का किसी राज्य सरकार से कोई लेना-देना ही नहीं। नागरिकता देना केवल केंद्र सरकार का अधिकार है। यह बुनियादी बात तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को भी समझनी होगी, क्योंकि उनकी ओर से भी यह कहा जा रहा है कि वह इस कानून को अपने राज्य में लागू नहीं होने देंगे। यह हास्यास्पद एवं विरोधीभासी स्थिति है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस विचित्र नतीजे पर पहुंच गए कि नागरिकता कानून को अमल में लाकर केंद्र सरकार पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान के लोगों को भारत लाकर उन्हें नौकरियां देने और उनके लिए घर बनाने का काम करने जा रही है। जबकि सीएए पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं बांगलादेश से किन्हीं नये अल्पसंख्यकों का भारत लाकर बसाने, उन्हें घर एवं नौकरी देने का कानून है ही नहीं। कोई भी यह समझ सकता है कि वह संकीर्ण राजनीतिक कारणों से नागरिकता कानून की मनमानी व्याख्या कर रहे हैं और इस तथ्य की जानबूझकर अनदेखी कर रहे हैं कि यह कानून उक्त तीन देशों के अल्पसंख्यकों को बुलाकर नागरिकता देने का नहीं है।

केजरीवाल के बचकाने एवं बेहूदे बयानों से हिन्दू एवं सिख शरणार्थियों में काफी गुस्सा देखा गया है। उन पर चोरी, रेप और अपराध जैसे आधारहीन आरोप लगाने से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं, जो शरणार्थी वर्षों से न्याय होने की उम्मीद लगाये इस कानून की प्रतीक्षा कर रहे थे, उन पर घटिया राजनीति के चलते तरह-तरह के वार उनको पीड़ा दे रहे हैं। केजरीवाल, ममता एवं एमके स्टालिन का मोदी-विरोध के नाम पर देश-विरोध एवं कानून विरोध पर उतर जाना उनकी स्तरहीन राजनीति को ही दर्शा रहा है। मोदी का विरोध कोई नई बात नहीं है। कभी-कभी तो ऐसा प्रतीत होने लगता है कि इन नेताओं की विरोध करना ही नियति हैं। आश्चर्य इस बात का है कि विरोध की तीव्रता एवं दीर्घता के बावजूद मोदी के अस्तित्व पर कोई आंच नहीं आ सकी। जहां तक सीएए के लागू होने का प्रश्न है तो यह अब एक कानून बन चुका है और उसे लागू होने से कोई नहीं रोक सकता।

दिल्ली का मुख्यमंत्री होने के नाते अरविंद केजरीवाल को पाकिस्तान, बांगलादेश और अफगानिस्तान से आये हिंदू व सिख शरणार्थियों के प्रति सहानुभूति होनी चाहिए, उनकी दीन दशा से परिचित होने के साथ ही उनके प्रति न्यूनतम संवेदनशीलता का भी उन्हें परिचय देना चाहिए। यदि विरोधी दलों को यह लगता है कि नागरिकता कानून ठीक नहीं तो वह उससे असहमति जताने और कांग्रेस एवं तृणमूल कांग्रेस नेताओं की तरह सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने को स्वतंत्र हैं, लेकिन इसके नाम पर उन्हें लोगों को भड़काने से बाज आना चाहिए। उनकी इसी भड़काऊ राजनीति के कारण चार साल पहले देश में जगह-जगह हिंसा हुई थी और शांतिपूर्ण विरोध के बहाने आगजनी की गई थी। दिल्ली में तो शाहीन बाग इलाके में विपक्षी दलों के सहयोग और समर्थन से एक व्यस्त सड़क घेरकर महीनों तक धरना चलाने से आम जनता पीड़ित एवं परेशान हुई। विद्वेष और वैमनस्य पैदा करने वाले इसी धरने के चलते दिल्ली में भीषण दंगा हुआ था, जिसमें 50 से अधिक लोग मारे गए थे। क्या विपक्षी दल अशांति, हिंसा एवं अराजकता की आग फैलाकर फिर से अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहते हैं? यदि नहीं तो फिर उन्हें नागरिकता कानून के विरोध में जबान संभालकर बोलना चाहिए। विरोध का भी कोई उद्देश्य और स्तर होता है। निरुद्देश्य एवं स्तरहीन विरोध, विरोधी खेमे की स्वार्थपूर्ण मनोवृत्ति, ईर्ष्या एवं विध्वंस की नीति का ही स्वयंभू प्रमाण है।

सीएए लागू होने को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राजनीति तेज होने लगी है, यह आगामी लोकसभा चुनाव का एक मुख्य मुद्दा होगा, इसमें कोई संदेह नहीं है।। भाजपा नेता इसे नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा उठाया गया ऐतिहासिक कदम बता रहे हैं तो वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। लेकिन मोदी सरकार का यह कदम ऐतिहासिक एवं साहसिक तो है, क्योंकि आजादी के बाद से अब तक शरणार्थियों ने जो तकलीफें झेली है, जो कष्ट एवं उपेक्षाओं का जीया है, वह उन्हें नागरिकता मिलने से ही दूर हो सकती है। अब उन्हें नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो गया है तो उसका स्वागत होना चाहिए। केजरीवाल तो शरणार्थियों को मिल रही नागरिकता की स्वतंत्र सांसों का स्वागत की बजाय विरोध कर रहे हैं, यह कैसी राजनीति है? यह कैसे राजनेता है? यह कैसा राजनीतिक चरित्र है? केजरीवाल एवं ममता की माने तो सीएए लागू होने के बाद अगर पड़ोसी देशों के डेढ़ करोड़ अल्पसंख्यक भी भारत आ गए तो यह स्थिति ह्यखतरनाकह्ण हो जाएगी।ह्ण कोई उनसे पूछे कि इस कानून में ऐसा कहा लिखा है? यह गन्दी गैर-जिम्मेदाराना राजनीति का द्योतक है, जिसका जबाव आम-जनता आगामी लोकसभा चुनाव में देगी। इन नेताओं ने मोदी के खिलाफ एवं राष्ट्रहीत की नीतियों एवं योजनाओं पर कीचड़ उछालने की जो हरकते की है, सीएए तक पहुंच कर वे पराकाष्ठा तक पहुंच गयी हैं। पर इससे मोदी का वर्चस्व कभी धूमिल होने वाला नहीं हैं। क्योंकि उनकी नीति विशुद्ध है और सैद्धान्तिक आधार पुष्ट है। विरोध करने वाले नेता स्वयं इस बात को महसूस करते हुए बौखलाये हुए हैं। अपनी बौखलाहट एवं सरकती राजनीतिक जमीन को बचाने के लिये वे जनता को गुमराह करने के लिये और उनका मनोबल कमजोर करने के लिये सीएए रूपी उजालों पर कालिख पोत रहे हैं, वे धूर्त तथ्यों से विपरीत जाकर अनर्गल प्रलाप कर रहे है, इससे उन्हीं के हाथ काले होने की संभावनाएं हैं। ऐसे नासमझ नेताओं को सद्बुद्धि आए, वे अपना समय एवं श्रम स्वस्थ एवं आदर्श राजनीति में लगाएं तो लोकतंत्र भी मजबूत होगा एवं जनता को भी विकास की नयी दिशाएं दिखाई देगी। प्रेषकः

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई० पी० एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# महाराष्ट्र में राजनीतिक परिदृश्य उम्मीद से अधिक जटिल

**- डॉ. ज्ञान पाठक**

जमीनी स्तर की राजनीतिक स्थिति एनडीए गठबंधन से दूर होती दिख रही है, जिसे इंडिया टीवी-सीएनएक्स के ताजा सर्वे के नतीजों में भी देखा जा सकता है। हालांकि सर्वेक्षण में 35 सीटों के साथ एनडीए को बढ़त दशार्या गया है, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि यह 41 से नीचे होगा जो उसने 2019 में जीता था। इंडिया टुडे-सी वोटर के एक अन्य सर्वेक्षण में एनडीए को फरवरी में केवल 22 सीटों के अनुमान के साथ पीछे रखा गया था। लोकसभा सीटों के मामले में उत्तर प्रदेश के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य महाराष्ट्र, एनडीए गठबंधन (महायुति) और इंडिया ब्लॉक (महा विकास अघाड़ी या एमवीए) के बीच एक जटिल चुनावी लड़ाई की ओर बढ़ रहा है, और इसलिए परिणाम आश्चर्यजनक होने की संभावना है। एनडीए और इंडिया दोनों गुटों को कई बाधाओं के कारण सीट-बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप देने में देर हो रही है। राज्य 48 लोकसभा सदस्य भेजता है और दोनों पक्षों के लिए दांव बहुत ऊंचे हैं।



वर्तमान में, भाजपा के पास खोने के लिए बहुत कुछ है क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद वह 23 सीटें जीतकर महाराष्ट्र में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी थी। पार्टी को 27.59 प्रतिशत वोटों का सबसे बड़ा हिस्सा भी मिला। भाजपा ने 2019 में अविभाजित शिवसेना के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था, जिसने बाद में कांग्रेस और एनसीपी के साथ गठबंधन में सरकार बनाने के लिए एनडीए को छोड़ दिया था। जाहिर है, भाजपा की सीटों की संख्या और वोटों की हिस्सेदारी में गिरावट तय थी, जिसने पार्टी को शिवसेना में दलबदल कराने के लिए प्रेरित किया, जो दो भागों में विभाजित हो गई और एक गुट, शिव सेना (शिंदे) को भाजपा ने एनडीए में शामिल कर लिया ताकि महायुति की राज्य सरकार बन जाये। लेकिन यह भी अधिक लोकसभा सीटें जीतने के साथ-साथ अधिक वोट शेयर जीतने के लिए पर्याप्त नहीं होने के कारण, भाजपा ने एनसीपी से दलबदल कराया और एनसीपी (अजित पवार) का एक गुट एनडीए में शामिल हो गया, और अब वह भी राज्य सरकार का हिस्सा है।

भाजपा को उम्मीद थी कि इससे उसे अधिक संख्या में सीटें और वोट शेयर जीतने में मदद मिलेगी। हालांकि, भाजपा को अब शिवसेना शिंदे गुट और एनसीपी अजीत पवार गुट के साथ सीट साझा करना मुश्किल लग रहा है। वास्तव में, भाजपा 2019 की तुलना में 2024 में अधिक कठिन चुनावी लड़ाई की ओर बढ़ रही है।

यह तब हो रहा है जब भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरा कार्यकाल चाह रहे हैं। पीएम मोदी ने दावा किया है कि भाजपा 370 सीटें जीतेगी और एनडीए 405। इस प्रक्रिया में, भाजपा देश भर में अपने सहयोगियों पर दबाव डाल रही है, यहां तक कि एनडीए सहयोगियों के पर कतरने की भी कोशिश कर रही है ताकि वह अधिक संख्या में सीटों पर चुनाव लड़ सके और इसकी राष्ट्रीय संख्या 2019 में जीती 303 से अधिक हो। भाजपा के इस सत्तावादी रवैये ने उसके सभी सहयोगियों को नाराज कर दिया है, जिससे हर प्रमुख राज्य में सीट-बंटवारे के समझौते में देरी हो रही है, और महाराष्ट्र उनमें से एक है।

2019 में, भाजपा ने 25 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 23 सीटें जीती थीं, जबकि उसकी सहयोगी शिवसेना ने 23सीटों पर चुनाव लड़ा था और 18 सीटें जीती थीं। कुल मिलाकर, एनडीए ने 41 सीटें जीतीं, जबकि यूपीए 7 सीटें ही जीत सकी, जिनमें एनसीपी को 4, कांग्रेस को एक, एआईएमआईएम को एक और निर्दलीय को एक सीट मिली थी। शिवसेना और एनसीपी में फूट के कारण एनडीए और इंडिया ब्लॉक दोनों के सामने सीट बंटवारे को लेकर मुश्किलें बढ़ गईं हैं

विभाजित समूह अपने ऐतिहासिक रुझानों के आधार पर सीटों की मांग कर रहे हैं। एनडीए और इंडिया ब्लॉक इस सप्ताह के अंत में अपने अंतिम सीट-बंटवारे सौदे की घोषणा करेंगे, जबकि समस्याएं अभी भी बनी हुई हैं। एनडीए में होने वाले घटनाक्रम से पता चलता है कि भाजपा 31 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि महायुति में उसकी सहयोगी, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना 13 पर और एनसीपी (अजित पवार) चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

अजित पवार चार सीटों- बारामती, रायगढ़, शिरूर और परभणी के अलावा और सीटों की मांग कर रहे हैं। अविभाजित शिवसेना ने 23 और अविभाजित राकांपा ने 19 सीटों पर चुनाव लड़ा था। कहने की जरूरत नहीं है कि भाजपा ने दोनों के लिए 13 और 4 सीटें बांटकर उनके पर कतर दिये हैं। इस तरह की अपमानजनक स्थितियां पूरे देश में भाजपा के सहयोगियों के लिए भी देखी जा रही हैं, इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि यह एनडीए सहयोगियों की राष्ट्रीय संख्या को प्रभावित कर सकता है, जिसकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 35 होने की उम्मीद की थी। यह भी अनिश्चित है कि अपमानित सहयोगी जमीनी स्तर पर भाजपा का कितना समर्थन कर सकता है, इसलिए भाजपा इस बार जोखिम में है।

अगर हम विपक्षी इंडिया गुट के परिप्रेक्ष्य में सीट बंटवारे को देखें, तो 25 सीटें ऐसी होंगी जहां भाजपा उसके साथ सीधी, बहुत करीबी आमने-सामने की लड़ाई में होगी। केवल 6सीटों पर भाजपा को इंडिया ब्लॉक उम्मीदवारों पर थोड़ी बढ़त मिलेगी। जबकि केवल 17 सीटें ऐसी होंगी जिन पर इंडिया ब्लॉक का सीधा मुकाबला एनडीए सहयोगियों से होगा, 13 सीटों पर एकनाथ शिंदे और 4 सीटों पर अजित पवार गुटों से। यह परिदृश्य भाजपा और उसके सहयोगियों के लिए परेशान करने वाला है।

इंडिया ब्लॉक, जो कि महाराष्ट्र में एमवीए है, सैद्धांतिक रूप से 44 सीटों के लिए सीट बंटवारे पर सहमत हो गया है, जबकि 4 सीटों पर अभी भी मतभेद हैं। कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) 18-18सीटों पर चुनाव लड़ेंगी, जबकि एनसीपी 11 और स्वाभिमानी पक्ष 1 सीट पर चुनाव लड़ेगी। जहां तक मुंबई-दक्षिण मध्य, भिवंडी नासिक और रामटेक की 4 सीटों पर मतभेद का सवाल है, तो उन्हें 17 मार्च से पहले हल होने की संभावना है, जिस दिन इंडिया ब्लॉक मुंबई में एक संयुक्त सार्वजनिक रैली आयोजित करने वाला है जिसके साथ विपक्ष का चुनाव अभियान शुरू होना है।

जमीनी स्तर की राजनीतिक स्थिति एनडीए गठबंधन से दूर होती दिख रही है, जिसे इंडिया टीवी-सीएनएक्स के ताजा सर्वे के नतीजों में भी देखा जा सकता है। हालांकि सर्वेक्षण में 35 सीटों के साथ एनडीए को बढ़त दशार्या गया है, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि यह 41 से नीचे होगा जो उसने 2019 में जीता था। इंडिया टुडे-सी वोटर के एक अन्य सर्वेक्षण में एनडीए को फरवरी में केवल 22 सीटों के अनुमान के साथ पीछे रखा गया था, और वोट शेयर केवल 40 प्रतिशत का अनुमान था। महाराष्ट्र में भाजपा और उसके सहयोगी हर सीट पर इंडिया ब्लॉक के साथ आमने-सामने के मुकाबले में फिसलन भरी चुनावी पिच पर हैं।

# इलेक्टॉरल बॉन्ड में बुरी तरह फंसती केंद्र सरकार

राहुल लाल

भारतीय चुनाव प्रक्रिया में धन बल का प्रयोग अत्यधिक होता है। ऐसे में अगर चुनावी चंदे की व्यवस्था को अत्यंत पारदर्शी न बनाया गया, तो राजनीति के काले धन से संचालित होने के संभावनाओं को खारिज नहीं किया जा सकता। आशा है कि जल्द ही देश में राजनीतिक दलों के चंदे से संबंधित एक ऐसा पारदर्शी ढांचा बन सकेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को इलेक्टॉरल बॉन्ड से जुड़ी जानकारी देने के लिए एसबीआई को और समय देने से इंकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से 12 मार्च तक इलेक्टॉरल बॉन्ड की सभी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा। अदालत ने चुनाव आयोग को इस जानकारी को 15 मार्च शाम 5 बजे तक अपने वेबसाइट पर सार्वजनिक करने का निर्देश भी दिया है। एसबीआई इलेक्टॉरल बॉन्ड के खुलासे के लिए 30 जून तक का समय मांग रहा था। तब तक लोकसभा चुनाव संपन्न होकर नई सरकार का गठन हो चुका होता। ऐसे में मतदाताओं को इलेक्टॉरल बॉन्ड की सूचनाओं के बिना ही लोकसभा चुनाव में मतदान के अधिकार का प्रयोग करना पड़ता। 13 मार्च को एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर स्पष्टीकरण दिया कि उसने इलेक्टॉरल बॉन्ड.से संबंधित सूचनाएं चुनाव आयोग को दे दी है। जब एसबीआई 30 जून का समय मांग रहा था, तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि- 'हमने 15 फरवरी को फैसला दिया था। आज 11 मार्च है । पिछले 26 दिनों में आपने क्या कदम उठाए? कुछ भी नहीं बताया गया है। आपको जानकारी देनी ही होगी।'

15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को बड़ा झटका देते हुए इलेक्टॉरल बॉन्ड को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इलेक्टॉरल बॉन्ड को जिस तरह अज्ञात और गोपनीय रखा गया है, उस कारण यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) का सीधा उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट का मानना था कि लोकतंत्र में जनता के समक्ष सभी सूचनाएं रहनी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे सूचना के अधिकार का उल्लंघन माना। कोर्ट ने कहा कि- ये चुनावी लोकतंत्र के खिलाफ है, क्योंकि ये बड़ी कंपनियों को लेवल प्लेइंग फील्ड खत्म करने का मौका देती है। अंत में जनता को यह भी पता नहीं चल पाता था कि आखिर यह कंपनियां कितना चंदा किस राजनीतिक दल को दे रही थी।

सुप्रीम कोर्ट ने पहले 6 मार्च की समयसीमा तय की थी, लेकिन इसके दो दिन पहले ही स्टेट बैंक की तरफ से इसे 30 जून तक करने का अनुरोध किया गया। आज की तारीख में जब टेक्नालॉजी इतनी आगे बढ़ी हुई है,तब देश के इतने बड़े बैंक को एक खास स्कीम के तहत लेन-देन के डिटेल्स निकालने में इतना वक्त लग जाएगा, इस पर सवाल उठ रहे थे। इस संपूर्ण मामले से ऐसा लग रहा था कि स्टेट बैंक पर केंद्र सरकार का काफी दबाव है और केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश को क्रियान्वित करने में पर्दे के पीछे से बाधक बन रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्टेट बैंक को तो केवल सीलबंद लिफाफे को खोलना है और सार्वजनिक कर देना है। अपने संक्षिप्त आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को यह भी कहा कि- हर राजनीतिक दल बैंक की 29 निर्धारित शाखाओं में ही केवल चालू खाता खोल सकता है। इसलिए यह जानकारी आसानी से हासिल की जा सकती है। केंद्र सरकार ने देश के राजनीतिक दलों के चुनावी चंदे के लिए वित्त वर्ष 2017-18 के बजट में इलेक्टॉरल बांड शुरू करने का ऐलान किया था। इस योजना को सरकार ने 29 जनवरी 2018 को कानूनन लागू किया था। इलेक्टॉरल बॉन्ड से मतलब एक ऐसे बॉन्ड से होता है, जिसके ऊपर एक करेंसी नोट की तरह उसकी वैल्यू लिखी होती है। यह बांड व्यक्तियों,संस्थाओं अथवा संगठनों द्वारा राजनीतिक दलों को पैसा दान करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता था।

चुनावी बांड एक हजार, दस हजार, एक लाख, दस लाख तथा एक करोड़ रुपए के मूल्य के होते थे। सरकार की ओर से चुनावी बॉन्ड जारी करने और उसे भुनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक को अधिकृत किया गया था, जो अपनी 29 शाखाओं के माध्यम से यह काम करता है। इलेक्टॉरल बॉन्ड को लाने के लिए सरकार ने फाइनेंस एक्ट-2017 के जरिए रिजर्व बैंक एक्ट-1937,जनप्रतिनिधित्व कानून-1951,आयकर एक्ट-1961 और कंपनी एक्ट में कई संशोधन किए गए थे। केंद्र सरकार ने इलेक्टॉरल बांड योजना को 2 जनवरी, 2018 को अधिसूचित किया। इसके मुताबिक कोई भी भारतीय नागरिक या भारत में स्थापित संस्था चुनावी बॉन्ड खरीद सकती है। चुनावी बांड खरीदने के लिए संबंधित व्यक्ति या संस्था के खाते का केवाईसी वेरिफाइड होना आवश्यक होता था। जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 29 ए के तहत पंजीकृत राजनीतिक पार्टियां तथा पिछले आम चुनाव या विधानसभा चुनाव में जनता का कम से कम एक फीसदी वोट हासिल करने वाली राजनीतिक पार्टियां ही चुनावी बॉन्ड के जरिए पैसे ले सकती थी। चुनावी बॉन्ड्स पर बैंक द्वारा कोई ब्याज नहीं दिया जाता था।

# एडीजी प्रयागराज ने लोस चुनाव बाबत दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर की अध्यक्षता व डीआईजी बांदा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव बाबत व्यवस्थाओं बाबत बैठक में एडीजी ने मतगणना कर्मियों, सुपर जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती, ईवीएम मास्टर ट्रेनर की नियुक्ति प्रशिक्षण, ईवीएम, वीवी पैट मैनेजमेंट, यातायात व्यवस्था, लेखन चुनाव सामग्री, प्रपत्रों की छपाई, आदर्श आचार संहिता, जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन, मॉनिटरिंग कमेटी, निर्वाचन व्यय, इलेक्शन खर्च समेत शांति व्यवस्था, मत पत्र, डाक मत पत्र, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रबंधन, हेल्पलाइन नंबर 1950 सी विजिल बाबत निर्देश दिये।



पुलिस ने लोस चुनाव कराने को कसी कमर।

शुक्रवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीजी भानु भास्कर ने पोलिंग पार्टियों के रवाना बाबत एआरटीओ प्रवर्तन को निर्देश दिये। प्राइवेट बसों पर फोकस न कर सरकारी बसों पर फोकस करें। कोई समस्या आने पर जिलाधिकारी से बात करें। मतदेय स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा बल रहे। उप्र-मप्र की सीमा पर बैरियर लगाये जायें। जिसकी एक एफआईआर एनसीआर में है, जीडी एमडी कराकर उस पर गुंडा एक्ट लगायें। चिन्हित कर एसडीएम से तालमेल कर कार्य करें। उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जितने भी मामले चल रहे हैं, सूची थाना प्रभारी से शेयर करें। सम्पत्ति बाबत अपराध के बारे में कहा कि अपराध की दशा देख लें, अपराध रजिस्टर में दर्ज करें। थाना प्रभारियों को निर्देश दिये कि ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक करें।

डीआईजी बांदा अजय कुमार सिंह ने कहा कि एसडीएम व सीओ चुनाव दौरान क्षेत्र भ्रमण करते रहेंगे। बूथों पर देखें कि प्रकाश व्यवस्था के साथ वैकल्पिक व्यवस्था करें। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था बाबत एडीजी प्रयागराज को अवगत कराया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आभार जताया।

बैठक में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र, एडीएम नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, एएसडीएम राजेश प्रसाद, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, एएसडीएम मो जसीम, सतीश चन्द्र, आलोक सिंह, सीओ सिटी राजकमल, राजापुर निष्ठा उपाध्याय, मऊ जयकरन सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# सीएए लागू होने पर पहले जुमा पर सतर्क रहा प्रशासन

## भारी पुलिस की मौजूदगी में अता हुई नमाज

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** रमजान के पहले जुमा की नमाज शान्तिपूर्ण ढंग से मस्जिदों में अदा हुई। पुलिस व जिला प्रशासन खासा सतर्क रहा। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस टीमों के साथ अधिकारी भ्रमण में रहे। खुफिया तंत्र भी सक्रिय रहा। रमजान पर बाजार की रौनक बढ गई है।

शुक्रवार को रमजान के पहले जुमा की नमाज जिला मुख्यालय के पुरानी बाजार, तरौंहा, सीतापुर, उटारखाना आदि क्षेत्रों की मस्जिदों में हुई। सीएए लागू होने के बाद पुलिस प्रशासन खासा सतर्क है। नमाज दौरान मस्जिदें खचाखचा भरी रहीं। जुमे पर मुस्लिम समुदाय में उत्साह देखने को मिला। दुकानों में नमाज बाद खरीद्दारी को भीड उमडी। राजापुर में शाही मस्जिद में पेश इमाम मो मुइन ने नमाज अदा कराई। मस्जिदों में भाईचारा व देश में अमनचैन की दुआ मांगी गई। पेश इमाम मो मुइन ने कहा कि



मस्जिद में नमाज अदा करते मुस्लिम भाई।

मोहम्मद साहब को 610ई में कुरान शरीफ का ज्ञान हुआ था। तभी से रमजान का महीना इस्लाम धर्म का महत्वपूर्ण महीना माना जाता है।

### बाहरी जिलों के पुलिस ठहराने को देखी व्यवस्था

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर ने कोतवाली कर्वी के जेएम बालिका इंटर कालेज, जेपी इंटर कालेज में बाहरी जिलों से आने वाली पुलिस बल के ठहरने की व्यवस्था देखी। शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने डीआईजी अजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कोतवाली कर्वी के जेएम बालिका इंटर कालेज, जेपी इंटर कालेज में चुनाव कराने को बाहरी जिलों से आने वाली पुलिस बल को ठहरने की व्यवस्था देखी। आवश्यक सुधार को सम्बन्धित को आदेश किया। इस दौरान सीओ सिटी राजकमल, कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

# दल बदलू नहीं लागू करा पाते जनहित की नीतियां: अमित

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाकपा कैम्प कार्यालय में जिला सचिव मंडल की बैठक में का अमित यादव ने कहा कि देश में वामदलों को छोड़कर अन्य दलों में दलबदलुओं की भरमार है। यही दल बदलू जब संसद व विधानसभा में जाते हैं, जनहित की नीतियों को लागू नहीं करा पाते।

शुक्रवार को हुई बैठक में भाकपा जिला सचिव का अमित यादव ने कहा कि इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए इंडिया गठबंधन की सहयोगी भाकपा बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट से टिकाऊ, क्रान्तिकारी व संघर्षशील उम्मीदवार उतारेगी। घोषणा जल्द प्रदेश कमेटी करेगी। बैठक में पूर्व विधायक का रामप्रसाद सिंह, का चन्द्रपाल पाल, का महेंद्र प्रताप वर्मा, का कमलेश प्रसाद मौजूद रहे।




भाकपा की बैठक में बोलते अमित।

# एनडीपीएस आरोपी को हुई एक साल की सजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल व पैरोकार अशोक यादव ने न्यायालय से एनडीपीएस एक्ट आरोपी को एक साल की सजा व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया है। शुक्रवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर जनपद न्यायधीश/एफटीसी (न्यू) सुशील कुमार वर्मा ने थाना पहाड़ी में दर्ज एनडीपीएस एक्ट आरोपी शिवभवन उर्फ झल्लर पुत्र भोंदू निवासी हर्रा को एक वर्ष की सजा व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

ज्ञात है कि चार मार्च 2023 को पहाड़ी थाने में तैनात दरोगा रविकांत राय की टीम ने शिवभवन उर्फ झल्लर को एक किलो सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार कर जेल भेजा था। दरोगा परशुराम यादव ने मामले की विवेचना कर नौ अप्रैल 2023 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# पालिका के उच्चीकरण के जारी हैं प्रयास: सांसद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कर्वी नगर पालिका में दो करोड की लागत से 171 सफाई वाहनों को हरीझंडी दिखाकर सांसद आरके सिंह पटेल ने रवाना किया।

शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता की मौजूदगी में सांसद आरके सिंह पटेल ने दो करोड की लागत से नगर पालिका में आये 171 नये वाहनों को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद ने कहा कि नगर पालिका को उच्चीकरण कराने के प्रयास जारी हैं। नगर पालिका लगातार नागरिकों को सुविधा देने को प्रयासरत है। आचार संहिता लागू होने से पहले सांसद ने पालिका में आये नये वाहनों को जनहितों की खातिर सौंपा। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने भी कहा कि मोदी-योगी सरकार में नगर पालिका लोगों को हर तरह की सुविधा देने को तत्पर हैं। पालिका क्षेत्र के लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। इस मौके पर पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, ईओ लालजी यादव, सभी वार्ड मेम्बर व पालिका कर्मी मौजूद रहे।



नये वाहनों की पूजा करते सांसद व अध्यक्ष आदि।



अवैध मौरंग भरे ट्रक।

# पट्टाधारकों को नहीं है डीएम-एसपी का भय

## बडे पैमाने पर गुजरते हैं ओवरलोड ट्रक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सरधुवा थाना क्षेत्र के धौरहरा मौरंग घाट में अवैध मौरंग खनन का बेखौफ खेल जारी है। अवैध खननकर्ता दुर्गा सिंह चैहान व ब्रजेश द्विवेदी को प्रशासन का कोई भय नहीं है। डीएम-एसपी ने कल ही पट्टाधारकों की कलेक्टेट्रट में बैठक कर चेताया था कि अवैध खनन व ओवरलोडिंग तथा नाबालिग बालकों से काम न लिया जाये। उन्होंने ये बैठक महोबा में हुए हादसे के बाद एहतियातन की थी।

धौरहरा घाट से अवैध खनन व ओवरलोड के मामले का खुलासा शुक्रवार को हुआ। बताया गया कि धौरहरा घाट के पट्टाधारक इस कदर दौलत के नशे में चूर हैं कि उन्हें डीएम-एसपी के निर्देशों व शासन के आदेशों की कोई परवाह नहीं है। जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह को तो वे ठेंगे पर मारे हैं। धौरहरा घाट मौरंग भरे ओवरलोड ट्रक भारी तादाद में गुजरते हैं। हैवी पोकलैंड मशीनों से रात-दिन अवैध खनन का खेल बेखौफ जारी है। सरकार की सख्ती के बाद भी अवैध मौरंग खनन व ओवरलोडिंग का कारोबार धडल्ले से जारी है। ओवरलोड के चलते तिरहार क्षेत्र की सड़कें ध्वस्त हो गई हैं। ग्रामीणों ने कहा कि बडे पैमाने पर ओवरलोड ट्रक गुजरने से सडकों की हालत खस्ता हो गई है। लोगों का पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। रात-बिरात मोटरबाइक से चलने पर चुटहिल होने का भय बना रहता है। कब-कहां-किस गड्ढे में मोटरबाइक गिर जाये और लोग घायल हो जायें, ये खतरा हमेशा बना रहता है। घाट में लगे धर्म कांटा व सीसीटीवी कैमरे शोपीस बन गये हैं। ओवरलोड मौरंग भरे ट्रक का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। खनिज पट्टाधारक पर जल्द प्रशासन ने अंकुश न लगाया तो ग्रामीण आन्दोलन को बाध्य होंगे।

# सरकारी संरक्षण में फल-फूल रहे अपराधी: शिवशंकर यादव

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सपा जिला कार्यालय में सपा जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र कुशवाहा ने विधानसभा कमेटी की घोषणा की। सदर विधानसभा में नरेंद्र कुमार यादव, मानिकपुर विधानसभा में चंद्रिका प्रसाद निषाद को जिम्मेदारी सौंपी। दोनो विधानसभा अध्यक्षों ने 21 सदस्यीय कमेटी गठित कर जिला कार्यालय को सौंपी।

शनिवार को विधानसभा अध्यक्षों व पूरी कमेटी को जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने माला पहनाकर स्वागत किया। सपा युवजन सभा के मनोनीत अध्यक्ष अजय यादव के साथ सैकड़ों युवाओं ने पार्टी कार्यालय में जय घोष करते हुए आये। जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि सपा खैरात की राजनीति नहीं करती। सपा परिवर्तन की राजनीति करती है। उप्र का युवा सपा की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। पिछले दस सालों से केंद्र व सात साल से प्रदेश की भाजपा सरकार ने सबसे ज्यादा युवाओं के साथ धोखा किया है। पढ़ा- लिखा नौजवान दर-दर की ठोकरें खा रहा है। सरकारी नौकरी के नाम पर सरकार पेपर लीक करा रही है। प्रतियोगी परीक्षा सरकार बिना पेपर लीक के नहीं करा सकी। आलम ये है कि अब उप्र लोक सेवा आयोग के पेपर लीक होने लगे हैं। सरकारी संरक्षण में अपराधी फल-फूल रहे हैं। पुलिस फर्जी एनकाउंटर के नाम पर वसूली कर रही है।



कमेटी का स्वागत करते जिलाध्यक्ष।

जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कहा कि सपा लोस चुनाव में बड़ा उलटफेर करने जा रही है। बेरोजगार युवा सरकार से रोजगार मांग रहा है, युवाओं का हक मारा जा रहा है। नौकरियों में आरक्षण की लूट मची है। पिछड़ों- दलितों को मिलने वाला आरक्षण चुनिंदा लोगों को दिया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में युवा भाजपा का सफाया करने को तैयार है। सपा प्रत्याशी/पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल को युवा लोकसभा भेजने का काम करेंगे। इस मौके पर जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, सीताराम कश्यप, लवलेश यादव, श्रीमती रमा यादव, शुचि गुप्ता, राजकुमारी निषाद, गोपीचंद्र यादव, समीर विश्वकर्मा, जागेश्वर यादव, रमेश चंद्र कुशवाहा, अजय यादव, गोपीचंद यादव, उमाकांत यादव, सत्यम यादव, आकाश पटेल, अश्वनी विक्की यादव, देवराज कुशवाहा, अमोल सिंह, सत्यम यादव, धनराज पटेल, पुरुषोत्तम निषाद, चन्द्रिका प्रसाद निषाद, रामसुहावन निषाद, अली हसन आदि मौजूद रहे।



काशीराम की जयंती मनाते बौद्ध संस्थान।

# काशीराम ने जगाई थी सोती कौम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय बौद्ध चेतना संस्थान ने बहुजन नायक काशीराम की जयंती निषाद मार्केट पांडेय कॉलोनी में संस्थान अध्यक्ष कैलाश बौद्ध की अध्यक्षता में मनाई।

शुक्रवार को बहुजन नायक काशीराम की जयंती में बतौर मुख्य अतिथि तिंदवारी पूर्व विधायक ब्रजेश कुमार प्रजापति ने काशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर सभा का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि काशीराम ने सोये हुए समाज को जगाकर हुक्मरान समाज बनाया था। दलित पिछड़ी एकता बनाकर जो लोग साइकिल में चलने का सपना नही देखते थे, उन्हें हवाई जहाज में उड़ाने का काम किया था। आज दलित-पिछड़ी एकता बिखर गई है। सरकार के खिलाफ बोलने वाले नेताओं को ईडी व सीबीआई का डर दिखाया जा रहा है। सरकार से डरेंगे नहीं, काशीराम के मिशन को जन-जन तक पहुंचायेंगे। संस्थान अध्यक्ष कैलाश बौद्ध ने कहा कि जातियों में बंटे समाज को एकत्र कर काशीराम ने प्रदेश में सरकार बनाई थी। आज फिर से लोग जातियों पर गर्व करने लगे हैं। जातीय विहीन समाज बनाने को काम करना होगा, तभी काशीराम का सपना साकार होगा। इस मौके पर सविता पाल, रामप्रताप कुशवाहा, रामप्रसाद वर्मा, मिथलेश कुशवाहा, रामकिशोर कुशवाहा, डा रमेश चंद्र मौर्य, अभिषेक यादव, रामराज निर्मल, दिग्विजय यादव, कौशल, बुद्धविलास, मदन जाटव, रमेश कुमार कुशवाहा, संतोष बौद्ध, ओमप्रकाश प्रजापति, राजबहादुर कुशवाहा आदि मौजूद रहे। संचालन महेश प्रसाद कबीर ने किया।

# तमंचा-कारतूस समेत एक गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने लालबाबू निषाद पुत्र कामता प्रसाद निषाद निवासी बेलहा मजरा बरियारी कला के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा इन्द्रजीत गौतम, सिपाही राहुल पाण्डेय व सौरभ राजपूत शामिल रहे।

# गर्मी शुरू होते ही अमचुर नेरुवा में पेयजल संकट

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर तहसील के अमचुर नेरुवा गांव में गर्मी की दस्तक होते ही जल संकट शुरु हो गया है। ग्रामीण जल संकट के पीछे नल-जल से व्यवस्था करने वाली कम्पनी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

शुक्रवार को अमचुर नेरुवा गांव के लोगो ने बताया कि पेयजल को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। गर्मी शुरु होते ही पानी की आफत भी आ जाती है। मारकुंडी में सार्वजनिक हैंडपम्प हैं, देखरेख के अभाव में हैंडपम्प भी खत्म होता जा रहा है। गर्मी में शादी समारोह व अन्य सामाजिक कार्य होने पर पानी की समस्या विकराल हो जाती है। मारकुंडी कोलान के मुंडा कोल, श्याम प्रकाश गौतम के पास लगे हैंडपंप महीनो से खराब पडे हैं। जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। ग्रामीणों ने कहा कि पानी की समस्या खत्म न हुई तो मानिकपुर ब्लाक व तहसील में धरना देंगे।

### तीन के कब्जे से लहन नष्ट कर बरामद की शराब

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से सौ किलो लहन नष्ट कर 22 क्वार्टर देशी व 14 लीटर महुआ शराब तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। शुक्रवार को चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने सिपाही श्यामू, दीपप्रताप सिंह के साथ रघुवीर यादव पुत्र रामनरेश बीरा के कब्जे से 22 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा शैलेन्द्र सिंह ने दीवान मुकेश कुमार, सिपाही शुभम मिश्रा व महिला सिपाही निशा अहिरवार के साथ कमला देवी पत्नी रामसिया चिल्लीराकस के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा मातादीन ने सिपाही शरद कुमार, आनन्द प्रताप सिंह के साथ छेदीलाल पुत्र भैरमा भंभौर के कब्जे से सौ किलो लहन नष्ट कर चार लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरण समेत गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# नशे में पति से विवाद पर पत्नी ने दी जान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** घरेलू विवाद के चलते पत्नी ने घर के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। परिजन उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गये। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। परिजनों ने बताया कि दंपति के बीच विवाद के चलते पत्नी ने ये कदम उठाया है। फांसी लगाकर जान देने का ये मामला गुरुवार की रात कर्वी कोतवाली के लक्ष्मणपुरी पुरानी बाजार में हुआ। सास गीता देवी ने बताया कि देवर प्रदीप सिंह के पुत्र विक्की की शादी बाद शहर के टाउन हाल में समारोह था। घर पर तैयारियां चल रही थीं। सभी लोग समारोह में शामिल होने चले गये थे। गुरुवार की शाम ज्योति (35) घर में तैयार हो रही थी। पति संतोष तोमर नशे में घर पहुंचा तो किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। खफा ज्योति ने घर के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। थोड़ी देर बाद परिजनों ने देखा तो उसे नीचे उतारकर जिला अस्पताल ले गये। डॉक्टरों के मृत घोषित करने पर कोहराम मच गया। मृतका के एक पुत्र व एक पुत्री है। कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मौत का कारण अज्ञात है। पीएम रिपोर्ट बाद स्थिति साफ होगी।



मर्चरी में बैठे परिजन।

### दुष्कर्म वांछित दबोचा

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में निरीक्षक अपराध अभयराज सिंह ने दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी के वांछित दुर्गा प्रसाद उर्फ दुर्गा गुप्ता पुत्र उग्रसेन उर्फ कल्लू निवासी मवईकला को गिरफ्तार किया। टीम में निरीक्षक अपराध अभयराज सिंह व सिपाही शुभम त्रिपाठी शामिल रहे।

## उत्तरी गाजा में मदद की प्रतीक्षा में खड़े लोगों पर इजराइल का हमला, 20 की मौत



**गाजा पट्टी।** इजराइल-हमास युद्ध की लपटें दिन गुजरने के साथ और ऊंची हो गई हैं। मानवीय सहायता की प्रतीक्षा कर रहे लोगों पर हमले के बाद उत्तरी गाजा शहर में कम से कम 20 फिलिस्तीनी मारे गए और 150 से अधिक घायल हो गए। अल जजीरा समाचार चैनल की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने हमले को "एक नया, पूर्व नियोजित नरसंहार" कहा है। अमेरिकी सीनेटर चक शूमर ने "चरमपंथी" सरकार और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को "शांति में बाधा" बताते हुए इजराइल में नए चुनाव का आह्वान किया है।

रिपोर्ट के अनुसार सात अक्टूबर से गाजा पर हो रहे इजराइली हमलों में अब तक कम से कम 31,341 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 73,134 घायल हुए हैं। हमास के सात अक्टूबर के हमले में इजराइल में मरने वालों की संख्या 1,139 है और दर्जनों लोगों को बंदी बना लिया गया है।

## पेटीएम यूपीआई काम करता रहेगा, एनपीसीआई ने आधिकारिक मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** पेटीएम के ग्राहकों के लिए खुशखबरी है। आपका पेटीएम




यूपीआई पहले की तरह ही काम करेगा। कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं के भ्रम को दूर करते हुए यह जानकारी दी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के प्रतिबंध का असर सिर्फ पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर होगा, पेटीएम पर नहीं। पेटीएम ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि अब आधिकारिक तौर पर पेटीएम यूपीआई काम करेगा। हमें नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) से मल्टी-बैंक मॉडल के तहत थर्ड-पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर (टीपीएपी) के तौर पर यूपीआई सर्विस जारी रखने का लाइसेंस मिल चुका है। हालांकि, पेटीएम के ग्राहकों के लिए एक और बड़ा बदलाव होगा। पेटीएम ने कहा कि उपयोगकर्ता अपनी ओर से कोई बदलाव किए बिना @पेटीएम हैंडल का निर्बाध रूप से उपयोग करना जारी रख सकते हैं। एनपीसीआई ने देर रात पेटीएम के साथ चार बड़े बैंकों एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और यस बैंक को टाई-अप करने की मंजूरी दी है। यह सभी पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के लिए पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर की तरह काम करेगी। वहीं, यस बैंक को पेटीएम के लिए मौजूदा और नए यूपीआई मर्चेंट्स का अधिग्रहण करने वाले बैंक की तरह काम करने के लिए अधिकृत किया है। इसका फायदा उन करोड़ों लोगों को होगा, जो पेटीएम से यूपीआई सर्विस का यूज करते हैं।

उल्लेखनीय है कि पेटीएम के यूपीआई लेन-देन पहले पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीपीबीएल) के माध्यम से किए जा रहे थे। पीपीबीएल को रिजर्व बैंक ने 15 मार्च, 2024 के बाद किसी भी ग्राहक खाते में जमा, क्रेडिट या टॉप-अप स्वीकार करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) की पीपीबीएल में 49 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि कंपनी के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा के पास पीपीबीएल की 51 फीसदी हिस्सेदारी है।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशियाई बाजारों में भी गिरावट

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स में भी आज गिरावट बनी हुई है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज कमजोरी बनी हुई है। अमेरिका में महंगाई बढ़ने की वजह से एक बार फिर ब्याज दरों में बढ़ोतरी होने की आशंका बन गई है। इस डर के कारण वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक पर पिछले सत्र के दौरान दबाव बना रहा। डाउ जॉन्स 138 अंक टूट कर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,150.48 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.30 प्रतिशत लुढ़क कर 16,128.53 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 137.66 यानी 0.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 38,905.66 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। हालांकि कारोबार के अंत में हुई खरीदारी के कारण यूरोपीय बाजार मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.37 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,743.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स ने 0.11 प्रतिशत टूट कर 17,942.04 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स 0.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,161.42 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# नेपाल में 100 किलोग्राम सोना तस्करी पर जस्टिस आचार्य जांच समिति की रिपोर्ट से हड़कंप, कई बड़े नाम शामिल

**नेपाल।** नेपाल में 100 किलोग्राम सोना तस्करी पर उच्च अदालत के पूर्व न्यायाधीश डिल्लीराज आचार्य जांच समिति की रिपोर्ट से हड़कंप मच गया है। इसमें कई बड़े नाम शामिल हैं। समिति ने जांच रिपोर्ट गृहमंत्री रवि लामिछाने को सौंप दी है। रिपोर्ट में 400 से ज्यादा पन्ने हैं। रिपोर्ट में पूर्व उपराष्ट्रपति, पूर्व स्पीकर, वर्तमान वित्तमंत्री और पूर्व पुलिस प्रमुख के नाम हैं। इस समिति ने चीन के रास्ते दुबई से नेपाल में होने वाली स्वर्ण तस्करी की विस्तृत जांच की है।

उल्लेखनीय है कि जब नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल पर 100 किलोग्राम सोना पकड़ा गया था, तब देश के राजनीतिक गलियारों में भूकंप आ गया था। इसके बाद रिटायर्ड जस्टिस आचार्य के नेतृत्व में जांच समिति गठित की गई थी। रिपोर्ट मिलने के बाद गृहमंत्री रवि लामिछाने ने प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड से चर्चा की है। गृहमंत्री ने कहा कि रिपोर्ट में शामिल नाम चौंकाने वाले हैं। शुक्रवार से इस पर एक्शन शुरू हो जाएगा। गृहमंत्री लामिछाने ने आईजीपी वसन्त अर्याल को बुलाकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

गृहमंत्री ने पत्रकारों से कहा है केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने अपनी जांच में संलग्न पुलिस वालों को बचाया। इसलिए पहली कार्रवाई सीआईबी पर ही होगी। माना जा रहा है कि आज किसी भी समय सीआईबी प्रमुख एआईजी किरण बज्राचार्य का निलंबन हो सकता है या उन्हें एजेंसी से हटाया जा सकता है। इस रिपोर्ट में पूर्व उपराष्ट्रपति तथा माओवादी नेता नन्दकिशोर पुन के दोनों बेटे दीपेश पुन और जीतेन्द्र पुन, पूर्व स्पीकर और माओवादी नेता कृष्ण बहादुर महरा के पुत्र राहुल महरा, वित्त मंत्री तथा माओवादी के उप महासचिव वर्षमान पुन, नेपाल पुलिस के पूर्व प्रमुख सर्वेन्द्रनाथ खनाल के नाम उल्लेख है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले हफ्ते वित्त मंत्री पद का शपथ लेने वाले माओवादी नेता वर्षमान पुन और तस्करी के मुख्य किरदार चीनी नागरिक दावा छिरिंग लामा के बीच 1 जनवरी 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक 115 बार फोन पर बातचीत की। इसकी कॉल डिटेल का रिकार्ड रिपोर्ट में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिन चीनी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उनके साथ उपराष्ट्रपति नन्दकिशोर पुन और वित्त मंत्री वर्षमान पुन के साथ कई तस्वीरें स्थानीय मीडिया में छप चुकी हैं। पूर्व स्पीकर महरा के बेटे राहुल महरा इस मामले में जेल में बंद हैं।

## रूस में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान शुरू

**मॉस्को।** रूस में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान शुरू हो गया। अगले तीन दिन में नागरिक आगामी छह वर्ष के लिए अपना नया राष्ट्रपति चुनेंगे। इस चुनाव में पहली बार डोनबास और नोवोरोसिया के निवासी हिस्सा लेंगे। रूस की सरकारी संवाद समिति तास की रिपोर्ट में मतदान शुरू होने का ब्यौरा दिया गया है।

इस समय रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्रों विशेष रूप से पूर्वी कामचटका और चुकोटका में मतदान केंद्रों में मतदान हो रहा है। कामचटका के गवर्नर व्लादिमीर सोलोडोव ने सबसे पहले मतदान किया। आधुनिक रूस के इतिहास का यह आठवां चुनाव है। चुनाव मैदान में व्लादिस्लाव दावानकोव (न्यू पीपल पार्टी), निवर्तमान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, एलडीपीआर पार्टी के लियोनिद स्लटस्की और निकोले खारितोनोव (रूस की कम्युनिस्ट पार्टी) हैं।



रूस में पहली बार राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान तीन दिन तक चलेगा। रूस चुनाव आयोग की अध्यक्ष एला पामफिलोवा के अनुसार, देश में 94,000 से अधिक मतदान केंद्र सुबह 8:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुले रहेंगे। थाईलैंड पहला देश होगा जहां फुकेत में रूसी महावाणिज्य दूतावास के क्षेत्र में मतदान केंद्र खुलेंगे।

पहली बार मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग का विकल्प दिया गया है। मॉस्को सहित 29 क्षेत्रों में ऑनलाइन वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है। 4.7 मिलियन से अधिक लोगों ने ऑनलाइन वोट करने के लिए आवेदन किया है। ऑनलाइन मतदान के नतीजे सबसे पहले आएंगे।

## यूक्रेन ने रूस पर किया मिसाइलों से हमला, रूस ने जवाबी हमले में सुमी और खार्किव में बरसाए गोले

**मास्को।** यूक्रेन ने रूस के सीमावर्ती क्षेत्र बेलगोरोद में एक के बाद एक आठ मिसाइलों से हमले किए जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह घायल हो गए। यूक्रेन ने यह हमला रूस में राष्ट्रपति चुनाव से पहले यह हमला किया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को दावे में यह भी कहा कि सीमावर्ती कुर्स्क क्षेत्र में भी यूक्रेनी बलों ने हमले का प्रयास किया, लेकिन उसे नाकाम कर दिया गया।

इधर, रूस ने यूक्रेन में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया। रूस में हाल के दिनों में यूक्रेन की ओर से हमले बढ़ गए हैं। ये हमले ऐसे समय हो रहे हैं, जब रूस में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। इस चुनाव में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का फिर से चुना जाना तय माना जा रहा है। पुतिन ने गुरुवार को एक वीडियो संदेश में रूसी नागरिकों से मतदान केंद्रों पर जाने और मतदान करने की अपील की। रूस में 15-17 मार्च को राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। यूक्रेन के पूर्वोत्तर सुमी और खार्किव क्षेत्रों में रात के समय 36 ड्रोन से हमले को अंजाम दिया गया। इसमें संचार केंद्रों को नुकसान पहुंचा। सुमी में टेलीविजन और रेडियो स्टेशन को निशाना बनाया गया।

सुमी प्रशासन ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि नुकसान के चलते क्षेत्र के कुछ हिस्से यूक्रेनी टेलीविजन और रेडियो के सिग्नल नहीं मिल सके। क्षेत्र में मोबाइल फोन सिग्नल भी प्रभावित हो सकते हैं। एक दिन पहले सुमी और डोनेस्क में बमबारी की गई थी। इसमें चार लोगों की मौत हुई थी, जबकि रूस के नियंत्रण वाले जपोरीजिया परमाणु संयंत्र ने गुरुवार को दावा किया कि यूक्रेनी सेना ने परिसर में बमबारी की। इस तरह का हमला स्वीकार्य नहीं है।

## भारत के विरुद्ध अमेरिका में बढ़ रही आतंकी गतिविधियां पर भारतीय मूल के लोगों ने जताई नाराजगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के खिलाफ बढ़ रही आतंकी गतिविधियों को लेकर भारत मूल के लोगों ने चिंता जताई है। सिलिकान वैली में प्रभावशाली भारतवंशियों ने एफबीआइ, न्याय विभाग और पुलिस के साथ विशेष बैठक में रोष जताया है।कैलिफोर्निया में हिंदुओं के खिलाफ घृणा अपराध के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। भारवंशियों ने अमेरिकी अधिकारियों से इस असमानता व भेदभावपूर्ण व्यवहार को लेकर कोई कार्रवाई नहीं करने पर नाराजगी जताई है।

भारतवंशियों ने अमेरिकी अधिकारियों से कहा कि यह बहुत ही निराशाजनक है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया। सामुदायिक नेता अजय जैन भुतोरिया ने बैठक में कहा कि अमेरिका में हिंदू, जैन व उनके



धार्मिक स्थलों के विरुद्ध घृणा अपराध में वृद्धि एक चुनौतीपूर्ण समस्या है। हाल के दिनों में खालिस्तान समर्थकों ने कई मंदिरों में तोड़फोड़ के साथ भारतीय वाणिज्य दूतावास पर भी हमला किया है। लेकिन कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई।

इस सप्ताह हुई इस बैठक में लगभग दो दर्जन से अधिक प्रभावशाली भारतीय-अमेरिकियों ने हिस्सा लिया। इसमें न्याय विभाग के सामुदायिक संबंध सेवा के विसेंट प्लेयर और हरप्रीत सिंह मोखा, एफबीआइ (फेडरल ब्यूरो आफ इंवेस्टिगेशन) अधिकारी और स्थानीय पुलिस ने भाग लिया। पेंटागन के वरिष्ठ अधिकारी सिद्धार्थ अय्यर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच रक्षा संबंधों में अविश्वसनीय मजबूती आई है। दक्षिण एशिया के लिए रक्षा नीति के सेक्रेटरी सिद्धार्थ अय्यर ने एक गोलमेज सम्मेलन के दौरान यह टिप्पणी की। इस गोलमेज सम्मेलन का आयोजन गैर-लाभकारी संगठन द यूएस-इंडिया स्ट्रेटजिक एंड पार्टनरशिप फोरम एंड कट्स इंटरनेशन द्वारा किया गया था। अय्यर ने कहा कि हाल के दो वर्षों में दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी तेजी से बढ़ी है।

## लीबिया से चला जहाज डूबा, 60 प्रवासियों के डूबने की आशंका, 25 को बचाया गया

**रोम।** प्रवासियों को लेकर लीबिया से चला जहाज भूमध्य सागर को पार करते समय में डूब गया। जहाज में 60 लोगों के डूबने की आशंका है। वहीं इटली तटरक्षक बलों के समन्वय से 25 लोगों को बचा लिया और दो को बेहोशी की हालत में हेलीकॉप्टर से सिसली ले जाया गया। अप्रवासियों से भरी जहाज लीबिया से मध्य भूमध्य सागर के रास्ते इटली अथवा माल्टा ले जा रहे थे लेकिन गतंव्य पर पहुंचने से पहले ही जहाज डूब गया। बचाव कर्मियों ने बताया कि बुधवार को इटली तटरक्षक बलों के समन्वय से बेहद कमजोर स्थिति बचावकर्मियों ने बताया कि ये लोग सात दिन पहले जाविया, लीबिया से चले थे। तीन दिन बाद उनके जहाज का इंजन खराब हो गया और उनका जहाज कई दिन तक भोजन व पानी के बिना समुद्र में भटकता रहा और रास्ते में ही महिलाओं व एक बच्चे समेत कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई। मध्य भूमध्य सागर दुनिया के सबसे खतरनाक प्रवास मार्गों में से एक है।

संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी (आईओएम) ने बताया कि गत वर्ष इस मार्ग का उपयोग करने वाले तकरीबन 2,500 प्रवासियों की मौत हो गई अथवा लापता हो गए और 2024 की शुरूआत से अब तक 226 की मौत हो चुकी है। आईओएम ने घटना पर दुखद जताते हुए कहा, समुद्री गश्त को मजबूत और दुखद घटनाओं को रोकने की जरूरत है।

## उद्यम और यूएपी पोर्टल पर पंजीकृत हुए चार करोड़ से अधिक उद्योग




**नई दिल्ली।** देश में उद्यम और यूएपी पोर्टल पर पंजीकृत उद्यमों की संख्या चार करोड़ को पार कर गई है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे ने इस उपलब्धि के लिए सभी एमएसएमई उद्यमियों को बधाई दी है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि उद्यम और यूएपी पर पंजीकृत उद्यमों की कुल संख्या 15 मार्च को 4 करोड़ को पार कर गई है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे ने इस अवसर पर ह्यएक्सह्न पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि सिर्फ 3 साल और 8 महीनों में ही उद्यम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा 4 करोड़ से अधिक हो गया है, जबकि करीब 17.94 करोड़ रोजगार पैदा हुए हैं।

राणे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विभिन्न योजनाएं उद्यमी भारत को मजबूत बना रही हैं। सरकार एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा उद्यम पंजीकरण के लिए डोर स्टेप सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस उपलब्धि पर सभी एमएसएमई उद्यमियों को बधाई।

## बिकवाली के दबाव से शेयर बाजार गिरा, निवेशकों को 1.63 लाख करोड़ की चपत

**नई दिल्ली।** वैश्विक दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में कई बार खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर बाजार को सपोर्ट करने की कोशिश भी की लेकिन सेंसेक्स और निफ्टी लगातार लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.62 प्रतिशत और निफ्टी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह इंफ्रास्ट्रक्चर, फार्मास्यूटिकल, बैंकिंग, आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों पर भी लगातार दबाव बना रहा। एफएमसीजी और टेलीकम्युनिकेशन सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 378.35 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 379.98 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.63 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,936 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,806 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,015 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 115 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,215 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,002 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,213 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 5 शेयर बढ़त के साथ और 25 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 14 शेयर हरे निशान में और 36 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 210.51 अंक की कमजोरी के साथ 72,886.77 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे ये सूचकांक उछल कर 72,998.07 अंक के स्तर तक पहुंच गया।